# राज्य सचिवालय के कामकाज को सुगम बनाएगा नया ब्लॉक: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को 43.07 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हिमाचल प्रदेश सचिवालय आर्म्सडेल भवन चरण-3 का लोकार्पण किया। इस आठ मंजिला भवन में आधुनिक सुविधाएं और 123 चार पहिया और 60 दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। इसमें डिजास्टर मैनेजमेंट सेल, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, जनजातीय विकास कार्यालय, सम्मेलन कक्ष, मीटिंग हॉल, अधिकारियों और वाहन चालकों के लिए कमरे और एसबीआई और पीएनबी की शाखाओं के विभिन्न कार्यालय हैं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय का पुराना भवन एक विरासत भवन है। जहां जन कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नया भवन आधुनिक तकनीक के साथ सामंजस्य से कार्य करने की सरकार की कार्य प्रणाली को प्रदर्शित करता है। उन्होंने राज्य सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से कार्यान्वित करने में कर्मचारियों के सहयोग के महत्व पर भी विशेष बल दिया।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी चार वर्षों के दौरान हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में राज्य सरकार आर्थिक रूप से विवेकपूर्ण निर्णय ले रही है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के कल्याणकारी निर्णयों में कर्मचारियों का सहयोग भी वांछित है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए कई निर्णय लिए हैं और आने वाले समय में कई कड़े निर्णयों के साथ प्रशासनिक स्तर पर भी महत्वपूर्ण सुधार किए जाएंगे। प्रदेश को विकास पथ पर तेजी से अग्रसर करने के लिए कार्यों के निष्पादन में तेजी लानी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में सचिवालय के अधिकारी व कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और सभी को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर राज्य सरकार का सहयोग करना चाहिए।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है और आर्थिक तंगी के बावजूद राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि एनपीएस का पैसा केंद्र सरकार के पास है और राज्य सरकार की हिस्सेदारी वापस लाने में कर्मचारियों को सहयोग करना होगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूजा अर्चना भी की। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री का पद ग्रहण करने के उपरान्त प्रशासन को नई दिशा दी है।

# सत्ता परिवर्तन तो हुआ पर व्यवस्था परिवर्तन नहीं

## मांगों को लेकर अब विधानसभा का घेराव करेंगे एचआरटीसी पैशनर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आर पार की लड़ाई लड़ने की चेतावनी जारी कर दी है। सोमवार को आयोजित बैठक में पथ परिवहन पैशनर कल्याण संगठन ने सरकार को आगाह कर दिया है कि अब पैशनरों के सब्र का बांध टूट चुका हैं अगर जल्द ही पैशनरों कि मांगे नहीं मानी गई तो फिर विधानसभा का घेराव और सडकों पर उतरने से भी वह गुरेज नहीं करेंगे।
संगठन के जिला प्रधान अनूप कपूर ने कहा कि आज महीने की 15 तारीख गुजर गई हैं परंतु अभी तक पेंशन नही आई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हर मंच से कहते हैं कि प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के लिए कांग्रेस आई है परंतु प्रदेश में सिर्फ सत्ता परिवर्तन हुआ है व्यवस्था परिवर्तन पूर्व सरकार की भांति ही चला हुआ है।जिसको लेकर



पैशनरों का अब सब्र का बांध टूट गया हैं और जल्द ही अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो फिर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा।
अनूप कपूरने कहा कि पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन कांग्रेस सरकार से मांग करता है कि हर महीने की पहली तारीख को पेंशन जारी की जाए, इसके साथ पेंशनरों की अन्य लंबित मांगों जैसे संशोधित वेतनमान एरियर की प्रथम किस्त 50000 रुपये जारी करना 65-70-75 वर्ष के पश्चात 5-10 और 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि मेडिकल बिलों का भुगतान इत्यादि मांगी शामिल है।उन्होंने उम्मीद जताई हैं कि मुख्यमंत्री सूक्खु पैशनरों की मांगों पर गौर करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### कर्नाटक की जीत पर संगड़ाह ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया जशन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
आज श्री रेणुका जी ब्लॉक कांग्रेस द्वारा संगड़ाह बाजार में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की शानदार जीत पर स्थानीय विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में मिठाई बाँट कर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी भी की। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक विनय कुमार ने कर्नाटक चुनाव जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कर्नाटक की जीत का श्रेय कांग्रेस के आम कार्यकर्ताओं व शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी, प्रियंका गाँधी को जाता है जिन्होंने जनता के बीच रहकर आम आदमी की आवाज को बुलंद किया। विनय कुमार ने कहा की देश के भीतर परिवर्तन का माहौल बन चुका है और यह परिवर्तन हिमाचल से शुरू होकर अब कर्नाटक तक पहुंच चुका है। देश की जनता मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है। मोदी सरकार देश की सरकारी सम्पतियों को बेच रहा हैए आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ़ गया गया है और केंद्र सरकार मनमानी तरीके से देश के जनता पर अपने निर्णय थोप रही है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तपेन्द्र चौहान, पूर्व अध्यक्ष दलीप चौहान, प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव ओपी ठाकुर, सहित आदि मौजूद रहे।

### कौशल विकास निगम देगा सिरमौर के 80 युवाओं को निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर जिला में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा सी-डैक के माध्यम से 80 युवाओं को विभिन्न कोर्सों में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एडवांस कोर्स इन साईबर सेक्यूरिटी, एडवांस कोर्स ऑन इंडस्ट्रियल एण्ड रोबोटिक्स तथा एडवांस कोर्स ऑन डाटा साईस एण्ड एनेलेटिक्स सहित इन तीन निशुल्क कोर्सों की समयावधि तीन माह की रहेगी। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम, सिरमौर की जिला समन्वयक मोनिका ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निगम द्वारा युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से निगम द्वारा इन आवासीय प्रशिक्षणों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एडवांस कोर्स इन साईबर सेक्यूरिटी के लिए प्रार्थी की शैक्षिक योग्यता बीई, बीटैक, बीसीए, बीसाईंस आईटी, एमसीए तथा एमएससी आईटी तथा एडवांस कोर्स ऑन इंडस्ट्रियल एण्ड रोबोटिक्स के लिए योग्यता बीई, बीटैक, एमएससी बीएससी तथा एडवांस कोर्स ऑन डाटा साईस एण्ड एनेलेटिक्स के लिए बीई, बीटैक,एमएससी बीएससी, बीसीए अथवा एमसीए होनी होनी चाहिए।जिला समन्वयक ने कहा कि पात्र प्रार्थी इन आवासीय कोर्सों की विस्तृत जानकारी 19 मई, 2023 तक दूरभाष नंबर-8580727113 अथवा 7018680109 प्राप्त कर सकते हैं।

### अंडर-19 क्रिकेट के लिए सिरमौर के खिलाड़ियों का हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
प्रदेश के जिला ऊना में 31 मई को होने जा रही राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सिरमौर से 24 खिलाडि ?ं का चयन हो गया है। खिलाडि ?ं की चयन प्रक्रिया जिला सिरमौर क्रिकेट संघ के महासचिव राजेंद्र बब्बर की अध्यक्षता में चौगान मैदान में हुई। बता दें कि यह प्रतियोगिता अंडर-19 क्रिकेट चैंपियनशिप की है।अंडर-19 ट्रायल में जिला के करीब 50 क्रिकेटरों ने अपना ट्रायल दिया। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए राजेंद्र बब्बी ने बताया कि चयन किए गए खिलाडि ?ं का ट्रेनिंग कैंप 20 मई से होगा। राजेंद्र बब्बी ने चयनित खिलाडि ?ं को 20 मई को चौगान मैदान में रिपोर्ट करने के लिए भी कहा है।जिन खिलाडि ?ं का अंडर 19 ट्रायल में चयन हुआ उन में अंशुल परमार, हार्दिक जिंदल, सूरज सिंह, यशवंत तोमर, अंकित, सौरभ, अभिनव चौहान, शब्बीर, आधुष ठाकुर, उज्जवल चौहान, कृष जैन, देवांश, रुद्र ठाकुर, सहित आदि नाम शामिल है।

# हेल्प एज इंडिया द्वारा चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
वरिष्ठ नागरिक कल्याण भवन मंडी में सोमवार को हेल्प एज इंडिया द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस कार्यक्रम में लगभग 80 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। इस जागरूकता कार्यक्रम तहत वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन ठगी के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए हेल्प एज इंडिया के प्रोजेक्ट समन्वयक अजय कुमार ने बताया कि हेल्प एज इंडिया द्वारा पूरे भारत में यह प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया है जिसमें की भारत में जो वरिष्ठ नागरिक है उनको ऑनलाइन फ्र ॉड के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही हैं जिसमें कि बैंक द्वारा फोन आने पर खाते से पैसों की कटौती हो जाती है। लॉटरी का नाम लेकर पैसों के लिए आग्रह किया जाता है जिसके लिए हेल्प एज इंडिया द्वारा 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को हेल्प एज इंडिया डिजिटल सेफ्टी प्रोजेक्ट के जरिए उन्हें ऐसे क्राइम से बचने के लिए जानकारी मुहैय्या करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के 12 जिलों में इस प्रोजेक्ट को चलाया गया हैं जिसमें 6 जिले कवर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत शहर से लेकर गांव तक सभी वरिष्ठ नागरिको को ट्रेनिंग दी जा रही हैं जिसमें वरिष्ठ नागरिकों का भी सहयोग मिल रहा है और कुछ तो स्वयं हेल्पलाइन नंबर पर सम्पर्क करके जागरूकता शिविर लगाने के लिए आग्रह कर रहे है। उन्होंने बताया कि अगर कोई भी वरिष्ठ नागरिक ऑनलाइन ठगी का शिकार होता है तो वह भारत सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 में कॉल कर सकता हैं।

# मौसम की देवी के रूप में पूजी जाती है रोपड़ी गांव स्थित मां सुरगणी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी जिला के जोगिन्दर नगर उपमंडल मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत रोपड़ी कलैहडू के गांव रोपड़ी में मां सुरगणी का भव्य मंदिर मौजूद है। यह मंदिर ऐहजू-बसाही सडक.के साथ रोपड़ी गांव में एक ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। यह मंदिर मुख्य सडक. से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर संपर्क सडक.से जुड़ा हुआ है। इस मंदिर से जोगिन्दर नगर, चौंतड़ा, बीड़-बिलिंग इत्यादि क्षेत्रों के साथ-साथ हिमाच्छादित धौलाधार पर्वतमाला का विहंगम दृश्य देखते ही बनता है। साथ ही मंदिर के दूसरी ओर



लडभड़ोल क्षेत्र तथा भभौरी धार का भी खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। मंदिर प्रांगण में पहुंचते ही जहां मन को एक अलौकिक शांति का अनुभव होता है तो वहीं यहां की मंद-मंद बहती ठंडी हवा का स्पर्श, शरीर में एक नई तरह की ताजगीए उमंग एवं आध्यात्म का प्रवाह महसूस होता है।कहा जाता है कि मां सुरगणी को पुराने समय से ही मौसम की देवी के रूप में पूजा जाता रहा है। कहते हैं कि जब कभी भी अत्यधिक वर्षा या अनावृष्टि होती थी तो स्थानीय लोग मनौती के रूप में मां सुरगणी को बकरी की बली देते थे। ऐसा करने से लोगों की मन्नत पूरी हो जाती थी। परन्तु वर्तमान समय में बलि प्रथा को बंद कर कड़ाह-प्रसाद व पकौनियों की प्रथा को शुरू किया गया है तथा अब लोग मनौती के लिए मां को कड़ाह-प्रसाद व पकौनियां चढ़ाते हैं।कहते हैं कि पुरातन समय में मां सुरगणी पिंडी रूप में दो पत्थरों के बीच एक शिला में विराजमान थी। कहते हैं कि वर्ष 1985 को स्थानीय निवासी गुरी सिंह को मां ने स्वपन के माध्यम से पिंडी स्थान पर मंदिर निर्माण करने को कहा। ऐसे में यहां पर एक छोटा सा मां का मंदिर निर्मित किया गया। वर्तमान में यहां पर मां का एक बड़ा मंदिर स्थापित किया गया है।
साथ ही शिव व शनि मंदिरों का भी निर्माण किया है। स्थानीय एवं मां सुरगणी के प्रति गहरी आस्था रखने वाले लोगों के सहयोग से मंदिर परिसर को लगातार विकसित किया जा रहा है।मंदिर परिसर विकास के लिए मंदिर कमेटी सुरगणी का गठन किया गया है तथा मेघ सिंह चौहान कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष हैं। मंदिर कमेटी के समन्वयक रोशन लाल ठाकुर ने बताया कि मंदिर कमेटी ने दो मंजिला सत्संग भवन निर्माण करवाने का भी निर्णय लिया है।

# नाहन में 100 साल पुराना आम का वृक्ष गिरा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
आज जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन में सुबह आए भयंकर तूफ ान के कारण कालीस्थान तालाब के पास स्थित अग्निशमन विभाग के कार्यालय के समीप एक बड़ा आम का वृक्ष गिर गया।बता दें यह वृक्ष करीब 100 साल पुराना था। पेड़ गिरने से कार्यालय के बाहर लगी एक दीवार सहित गेट भी टूट गया है। इसके अलावा बिजली की तारें भी विशालकाय वृक्ष की चपेट में आ गई। मौके पर जाकर देखा तो वृक्ष नीचे से खोखला था और वह सड़ चुका था। जिस कारण वृक्ष तेज तूफान में गिर



गया।सूचना मिलते ही नगर परिषद के कर्मी पेड़ को हटाने के कार्य में जुट गए हैं। हालाँकि गनीमत यह रही कि जिस वक्त यह वृक्ष गिरा उस समय कोई भी व्यक्ति या वाहन पेड़ के नीचे से नहीं गुजर रहा था। नहीं तो कोई बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी।

## शनि जयंती के उपलक्ष में होंगे कई कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी शहर के जवाहर नगर स्थित शनि मंदिर में शनि जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। सोमवार से लेकर 19 मई तक शनिदेव मंदिर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी जानकारी मंदिर पुजारी पितांबर शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि सोमवार से शनिदेव मंदिर में शनि देव की महिमा व विशेष पूजा-अर्चना के साथ शनि जयंती महोत्सव शुरू हो गया है जो कि 19 मई तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा दी कि दिन-प्रतिदिन शनिदेव मंदिर में जप और पाठ आयोजित किया जाएगा तथा संध्याकालीन में शनिदेव की महा आरती भी आयोजित की जाएगी।

# सुरेंद्र चौहान को मिली शिमला नगर निगम की कमान, उमा कौशल होंगी डिप्टी मेयर



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
शिमला नगर निगम (शिमला एमसी)को नए मेयर व डिप्टी मेयर मिल गए है। इन पदों के लिए सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में चुनाव हुआ। छोटा शिमला से पार्षद सुरेंद्र चौहान को कांग्रेस ने मेयर चुनाव के लिए मैदान में उतारा था और वह बिना किसी प्रतिरोध के शिमला के नए मेयर निर्वाचित हो गए। इस पद के लिए भाजपा की ओर से कोई भी उम्मीदवार नहीं उतारा गया था। सुरेंद्र चौहान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के करीबियों में शामिल हैं। वह तीसरी बार पार्षद बने हैं। टूटीकंडी से कांग्रेस की पार्षद उमा कौशल भी निर्विरोध डिप्टी मेयरचुनी गई। उमा कौशल लगातार चौथी बार पार्षद चुनी गई हैं। इस बार उन्होंने 521 मतों के विशाल अंतर से भाजपा उम्मीदवार को परास्त किया था, जबकि मेयर बने सुरेंद्र चौहान ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 557 मतों से मात दी थी। अहम बात यह है कि मेयर व डिप्टी मेयर के दोनों पद शिमला शहर हल्के को मिले हैं। नगर निगम के 34 वार्डों में शिमला शहर के 18 वार्ड हैं। कसुम्पटी हल्के में 12 और शिमला ग्रामीण हल्के में चार वार्ड शामिल हैं। कांग्रेस ने शिमला शहर में 13, कसुम्पटी में सात और शिमला ग्रामीण में चार वार्डों पर जीत दर्ज की है। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त शिवम प्रताप सिंह ने आज नवनिर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ समारोह में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह व नगर निगम चुनाव प्रभारी तजिंदर पाल बिट्टू मौजूद रहे।

# बसों की टाइमिंग को लेकर सरकारी व निजी चालकों में ड्रामा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
बस अड्डा बाजार संगड़ाह में उस समय सवारियों एवं अन्य वाहन चालकों को काफ ी समय तक मार्ग में रुकना पड़ा जब एक निजी बस और हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस के चालक-परिचालकों के बीच आपसी झड़प होने के चलते बीच मार्ग में एचआरटीसी चालक ने बस खड़ी कर दी।बताते चलें कि बस अड्डा संगड़ाह में बसों की टाइमिंग को लेकर कई बार निजी एवं सरकारी चालकों परिचालकों के बीच झड़प एवं नौबत हाथापाई तक भी आ



चुकी है। लेकिन यह मसला पिछले कई वर्षों से सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार दो निजी बस चालकों के बीच मार पिटाई तक हो चुकी है जिसमें अभी तक मामला न्यायालय में विचाराधीन है।नौहराधार-नाहन निजी बस दीपू कोच एवं हिमाचल पथ परिवहन निगम की बड़ोल नाहन बस के चालक परिचालक के बीच उस समय झड़प हो गई जब सरकारी बस से पहले निजी बस चालक अपनी बस को लेकर जाना चाह रहा था लेकिन एचआरटीसी बस के चालक ने बस को बीच सडक में खड़ा कर दिया। जिस कारण करीब आधा घंटा तक उन दोनों के बीच आपसी तकरार चलती रही। उसके बाद पुलिस के एक जवान ने आकर दोनों को समझा-बुझाकर यहां से रवाना कर दिया।

# विधायक विनोद सुल्तानपुरी को अपनी समस्याओं को लेकर सौंपा मांग पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/कसौली/विशाल**
जिला सोलन के विकास खंड धर्मपुर में तैनात तकनीकी सहायक ने सोमवार को कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी को अपनी समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा, जिसमे कहा गया कि उन्हें बीते तीन माह से वेतन नहीं मिल रहा है जिसके चलते उन्हें कई आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि विकास खंडों में तैनात तकनीकी सहायक गांवों में विकास कार्यों का प्राकलन आंकलन करते हैं तथा एक तकनीकी सहायक के पास तीन से चार पंचायतों का कार्यभार रहता है। समस्त तकनीकी सहायक जिन्हें वेतन मनरेगा मद से



दिया जा रहा है उन्हें वेतन कभी भी समय से नहीं मिलता तथा कोई एक दिन भी निश्चित नहीं है कभी-कभी तो उन्हें तीन चार महीनों तक वेतन के लिए तरसना पड़ता है जिसके कारण अपने-अपने परिवारों का पालन पोषण तथा एक पंचायत से दूसरी पंचायत में आने जाने में असमर्थ होते जा रहे हैं। जिला परिषद से प्रदेश भर में लगभग 1100 तकनीकी सहायक है जिनमें से लगभग 650 सहायकों को जिला परिषद ग्रांट इन एड से वेतन मिलता है व मेडिकल, मातृत्व अवकाश, अर्जित अवकाश आदि सुविधाएं मिल रही है परंतु 450 तकनीकी सहायकों को इन सभी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। तकनीकी सहायकों ने सरकार से मांग की है कि इन्हें भी ग्रांट-ईन-एड से वेतन व अन्य सुविधाएं दी जाए।
विनोद सुल्तानपुरी ने आश्वासन दिया कि तकनीकी सहायकों की मांग को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह के समक्ष रखा जाएगा। इस मौके पर संजू देवी, कमल, शिवानी, सहित ब्लॉक धर्मपुर के तकनीकी सहायक मौजूद रहे।

# जोगेंद्र हाब्बी का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होने पर मेलाराम शर्मा ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
पंचायत समिति संगड़ाह निवर्तमान अध्यक्ष एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त उपनिदेशक मेलाराम शर्मा ने सिरमौर जिला के प्रसिद्ध लोक कलाकार एवं चूड़ेश्वर लोकनृत्य सांस्कृतिक मंडल जालग राजगढ़ के प्रबंध निदेशक जोगिंदर हाब्बी को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज होने पर बधाई दी है। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार जोगेंद्र हाब्बी का नाम निदेशालय भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा जिला सिरमौर में



प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही लोकनृत्य प्रतियोगिता में लगातार दस बार प्रथम स्थान प्राप्त करने के कारण इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स तथा एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल हुआ है। मेलाराम शर्मा ने बताया कि उपरोक्त दोनों रिकॉर्ड्स हाब्बी ने लगातार एक ही विभाग द्वारा एक ही व्यक्ति के नेतृत्व एवं निर्देशन में लोक नृत्य प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए बनाए। उन्होंने कहा की इससे सिरमौर के सुपुत्र जोगिंदर हाब्बी ने ना केवल सिरमौर जिला अपितु हिमाचल प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व ही हाब्बी का इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज हुआ था और अब एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी नाम दर्ज हुआ है जिससे जिला सिरमौर की लोक संस्कृति का विश्व स्तर पर पहचान व मान बढ़ा है।

# मुख्यमंत्री ने कारागार बंदियों के लिए हिम केयर योजना का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला जिला के आदर्श केन्द्रीय कारागार कण्डा में बंदियों के लिए हिमकेयर योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बंदियों को हिमकेयर कार्ड भी प्रदान किए।



मुख्यमंत्री ने जेलों और अन्य संस्थानों के बंदियों के लिए एकीकृत एसटीआई, एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस आईएसटीएचटी अभियान के शुभारंभ की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस योजना के तहत बंदियों का पंजीकरण शुरू किया गया है और शीघ्र ही शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जेल बंदियों के कल्याण के लिए उनके प्रीमियम की किस्त अदा करेगी। इसके अतिरिक्त, राज्य के बाल सुधार गृहों में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से एक योजना शुरू करने पर कार्य किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हर नागरिक, विशेष तौर पर वंचित वर्गों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना को कानूनी रूप प्रदान किया है जिसके तहत 27 वर्ष तक के अनाथ बच्चों को सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अतंर्गत उनकी शिक्षा और छात्रावास का व्ययए चार हजार रुपये जेब खर्च और घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना शामिल है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कारावास के बंदी हिमकेयर योजना के लाभ से वंचित थे और उन्हें बीमारी के दौरान उपचार के लिए धन अभाव का सामना करना पड़ता था। इसी बात को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने जेल के बंदियों को इस योजना के दायरे में लाने का निर्णय लिया है।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 14 जून, 2023 तक राज्य की 14 जेलों के 3218 बंदियों और राज्य भर के किशोर गृह, नारी निकेतन और नशा मुक्ति केंद्र के 1278 आवासियों की जांच और उपचार करना है। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी, आईसीटीसी, एआरटी काउंसलर, लैब टेक्नीशियन, फ्रीजर पीयर मोबिलाइजर और पैरामेडिकल स्टाफ जैसे विभिन्न चिकित्सा पेशेवरों को समायोजित कर जिला स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग जेल बंदियों को एचआईवी, टीबी, एसटीआई और हेपेटाइटिस के लिए निःशुल्क परामर्श, उपचार और दवाएं प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि बंदियों की रिहाई के बाद अन्य लोगों में बीमारी के संक्रमण को फैलने का खतरा बना रहता है इसे रोकने के लिए उनका समय पर उपचार अति आवश्यक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इन बीमारियों पर नियंत्रण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और वर्ष 2030 तक एड्स को खत्म करने के लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर है।

## रोशन लाल बने हिम-आंचल पैंशनर्ज संघ के प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
हिम आंचल पैंशनर्ज संघ ऊना खंड के द्विवार्षिक चुनाव सोमवार को मुख्यालय के निजी होटल में हुए। संघ के चुनाव में जिला की ओर से प्रदेश संरक्षक रमेश भारद्वाज, राज्य वित्त सचिव ओम राज कंवर, गगरेट खंड के प्रधान रामपाल वर्मा व कश्मीरी लाल सैनी जिला की तरफ से पर्यवेक्षक के रुप में उपस्थित रहे। चुनाव में रोशन लाल चौधरी को हिम-आंचल पैंशनर्ज संघ खंड ऊना का प्रधान बनाया गया। बलदेव सिंह को खंड महासचिव व रामपाठ शर्मा को वित्त-सचिव बनाया गया। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यकारिणी के गठन का जिम्मा प्रधान व सचिव को दिया गया। इस मौके पर जिला महासचिव राज मेहता, वित्त सचिव रामपाल धीमान, शिव कुमार धीमान, प्रेम राजपूत, मतिंदर लठ, जगनाथ धीमान, सरदार अवतार सिंह, शादी लाल, बलदेव लम्बड़, राम मुर्ति लठ, रवि दत्त, सुभाष चंद, विपन महाजन, शाम लाल, कुलदीप सैनी, कैलाश चंद, टेकचंद, विक्रम जसवाल व प्रेमचंद धीमान उपस्थित रहे।

## काजा में एंडोस्कोपी शिविर शुरू, 20 मई तक चलेगा शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/अंगारिया**
लाहुल स्पीति जिला के काजा अस्पताल में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग की ओर से एंडोस्कोपी शिविर का शुभारंभ सोमवार को किया गया। 20 मई तक चलने वाले इस शिविर में गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के डा राजेश, सीनियर रेजिडेंट डा ताहिर और टेक्नीशियन अंकित विशेष तौर पर मौजूद है। शिविर में पेट के जटिल रोगों को लेकर लोगों का चेकअप किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों का मुफ्त में एंडोस्कोपी टेस्ट की भी किया जा रहा है। शिविर के पहले दिन भारी लोगों की भीड़ लगी हुई थी। करीब 20 से अधिक लोगों की एंडोस्कोपी की गई है जबकि 60 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य जांच की गई है। कार्यकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डा तेंजिन नोरबू ने बताया कि आईजीएमसी शिमला के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के चिकित्सकों की टीम इस शिविर में मौजूद है। स्पीति के लोगों के लिए बड़ी बात है कि उनके स्वास्थ्य का चेकअप यहीं पर विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है।



## मुख्यमंत्री ने नगर निगम के महापौर और उप-महापौर को बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को सुरेंद्र चौहान को शिमला नगर निगम का महापौर और उमा कौशल को उप-महापौर के पद पर चुने जाने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नव निर्वाचित महापौर एवं उप-महापौर के नेतृत्व में शिमला शहर विकास की नई बुलन्दियां हासिल करेगा और शहर की विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा।
उन्होंने शिमला के प्राचीन गौरव को बनाए रखने तथा शहर को साफ.- सुथरा बनाने में सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

## यूरोकिड्स प्ले स्कूल कोटलानाला में बच्चों को मैजिक शो द्वारा दी गई शिक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
यूरोकिड्स प्ले स्कूल कोटलानाला में आज मैजिक शो का आयोजन किया गया यह मैजिक शो मशहूर मैजिशियन एच जी लय द्वारा प्रदर्शित किया गया। शिक्षा के स्तर में बढ़ोतरी के लिए यूरोकिड्स प्ले स्कूल में इस मैजिक शो का आयोजन किया गया था ।
जिसमें बच्चों ने मैजिक के साथ.साथ ज्ञान भी अर्जित किया।स्कूल के डायरेक्टर शोभित बहल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यूरो किड्स प्ले स्कूल में आज हैदराबाद के मशहूर जादूगर एच जी लय द्वारा एक मैजिक शो का आयोजन किया गया। शोभित बहल का कहना है की इस तरह की गतिविधियों के आयोजन से बच्चो में सीखने की क्षमता की बढ़ोतरी होती है । स्कूल परिसर में आज मैजिशियन द्वारा बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ बच्चो को ऑब्जरवेशन सीडिंग और मेमोरी स्किल्स की जानकारी लय द्वारा दी गई और साथ ही बच्चों को अनुशासन और टीम वर्क के बारे में बताया शोभित बहल का कहना है कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में सीखने की क्षमता और ज्यादा बढ़ जाती है और यूरोकिड्स समय-समय पर स्कूल परिसर में इस तरह की गतिविधियां करवाता रहता है। वानी, अराध्या, अनाया, युवराज, रियांश गजल, अनायशा, लोक्यम, भानिश आदरीति, सैरिक, सात्विक, रियांश, भानिश, आराध्य, युवान, गजल़, आण्वी, वान्या, लाव्यांश, गुरनुर, तवीशा, प्रियल, आद्विक आदि बच्चों ने भाग लिया।



## न्यूज फ्लैश

### विशेष चिकित्सा शिविर में 138 व्यक्तियों की जांच व 16 विशेष विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए



**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**
उपायुक्त किन्नौर तोरुल रवीश ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग किन्नौर द्वारा जिले के दिव्यांग व्यक्तियों को विशेष विकलांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने के उद्देश्य से जिला किन्नौर में चार वर्षों के पश्चात छह दिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
उपायुक्त ने बताया कि जिले के तीनों खण्डों में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी प्रकार के दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूह खंड के लोगों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पूह में आयोजित किया गया,जिसमें 138 लोगों की जांच की गई और 16 विशेष दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए। उन्होंने कहा कि 16 मई, 2023 को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पूह में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल शिमला से नेत्र विज्ञान, रेडियोलॉजी, ईएनटी, मेडिसिन और पीडियाट्रिक्स शिशु के पांच विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध रहेगें। उपायुक्त ने शिविर में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने का आग्रह किया है।उपायुक्त ने कहा कि जिले के दिव्यांग व्यक्तियों को घर द्वार पर विकलांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि वह विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## जोगिंद्रनगर में कृषि विक्रय केंद्र में मक्की, चरी, बाजरा व सब्जियों के बीज उपलब्ध

**8 किसानों के लिए सस्ती दरों पर कृषि विक्रय केंद्रों में खरीफ मौसम आधारित फसलों के बीज उपलब्ध हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
किसानों के लिए आजकल कृषि विभाग के विक्रय केंद्रों में खरीफ मौसम आधारित फसलों के बीज उपलब्ध हैं। जिनमें मुख्यतः धान, मक्की, चरी, बाजरा तथा विभिन्न प्रकार की सब्जियों के बीज शामिल हैं। इस बारे जानकारी देते हुए विषयवाद विशेषज्ञ (कृषि) पधर पूर्ण चंद ठाकुर ने बताया कि किसानों के लिए सस्ती दरों पर विभिन्न कृषि विक्रय केंद्रों में खरीफ मौसम आधारित फसलों के बीज उपलब्ध हैं। उन्होने बताया कि द्रंग कृषि खंड के लिए 400 क्विंटल हाइब्रिड मक्की, 14 क्विंटल हाइब्रिड धान, 20 क्विंटल हाईल्ड धान, लगभग 180 क्विंटल चरी तथा लगभग 80 क्विंटल बाजरा का बीज उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त सब्जियों में भिंडी, घिया, करेला, टमाटर, बैंगन इत्यादि के बीज भी उपलब्ध हैं।
उन्होने बताया कि द्रंग ब्लॉक के अंतर्गत कृषि विक्रय केंद्र पधरए पालीए जोगिन्दर नगर तथा टिकन में खरीफ मौसम आधारित फसलों के बीज सस्ती दरों पर उपलब्ध हैं। इन विक्रय केंद्रों में किसी भी कार्य दिवस पर किसान इन बीजों को प्राप्त कर सकते हैं।



## हरियाणा के युवक से 18.72 ग्राम चिट्टा बरामद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**
नशे का कारोबार करने वालों पर मनाली पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। रविवार रात पुलिस की टीम ने इसी कड़ी के तहत हरियाणा के एक युवक को 18.72 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। वह यह चिट्टा कहां से लेकर आया इसकी जांच की जा रही है।जानकारी के अनुसार रविवार रात पुलिस की टीम नियमित रूप से गश्त पर निकली हुई थी। इस दौरान चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे पर सडक किनारे बैठ युवक से पुलिस टीम ने पूछताछ की। इस दौरान वह हड़बड़ाने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 18.72 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय कंगारू केयर जागरूकता दिवस आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन के सौजन्य से गत दिवस को सोलन जिला के कुमारहट्टी की हरिपुर आंगनबाड़ी में अंतरराष्ट्रीय कंगारू केयर जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता बीसीसी समन्वयक राधा चौहान ने की। राधा चौहान ने इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को कंगारू केयर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माँ और शिशु के बीच स्किन-टू-स्किन कांटेक्ट को कंगारू केयर कहते है। इसके हर एक सेशन में माँ कुछ घंटों तक शिशु को अपने सीने से लगाकर रखती है। इसके लिए शिशु को डायपर के अतिरिक्त कुछ नहीं पहनाया जाता। उन्होंने कहा कि कंगारू केयर से नवजात शिशु के शरीर के ऊतकों और अंगों तक पहुंचने वाली ऑक्सीजन में वृद्धि होती है। इससे शिशु के अंगों के विकास में मदद मिलती है और उसका वजन भी बढ़ता है। राधा चैहान ने कहा कि कंगारू केयर माता के अतिरिक्त शिशु के पिता, दादी या घर का कोई अन्य सदस्य भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि कंगारू केयर एक दिन में न्यूनतम एक घंटा देना आवश्यक है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से आहार विशेषज्ञ प्रेरणा हेटा ने कंगारू केयर के फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में विजेता रही महिलाओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हरिपुर आंगनबाड़ी की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीना भी इस अवसर पर उपस्थित थी।



## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने महारुद्र यज्ञ महोत्सव में लिया हिस्सा



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने रविवार को स्वामी श्री हरि गिरी चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से सन्यास आश्रम ककीरा के तत्वाधान में आयोजित महारुद्र यज्ञ महोत्सव में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि श्रद्धेय स्वामी जी की इस क्षेत्र में चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की विशेष इच्छा थी। उन्होंने यह भी कहा कि स्वामी श्री हरि गिरी चैरिटेबल ट्रस्ट यहां चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करता है तो उस अवस्था में प्रदेश सरकार ट्रस्ट की हर संभव सहायता करेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी श्री हरि गिरी चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इसके साथ ट्रस्ट द्वारा स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान द्वारा लड़कियों को नर्सिंग सेवाओं का प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने इस संस्थान में बीएससी नर्सिंग कक्षाओं को जल्द शुरू करने की बात भी कही। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान लोगों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया और स्थानीय लोगों द्वारा रखी गई मांगों शीघ्र समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल, मुख्य अभियंता जल शक्ति सुरेश महाजन, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति राजेश मोगरा, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, सहित आदि उपस्थित रहे।

## जीवन में सफल होने के लिए नशे को न कहना सीखें युवा: डॉ. शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखने में बेहतर विकल्प हैं। डॉ. शांडिल गत सांय सोलन शहर के कोठों स्थित भाषा एवं संस्कृति विभाग के कला-केन्द्र में हिमालय कराटे अकादमी द्वारा आयोजित कराटे फाइट लीग के समापन समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।डॉ. शांडिल ने कहा कि खेल युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा प्रवाह बनाने के साथ-साथ उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी यदि पूर्ण समर्पण के साथ अनुशासित रहकर खेल और व्यायाम की तरफ ध्यान दें तो नशे जैसी सामाजिक बुराई से सदैव दूर रहेंगे। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि जीवन में सफल होने के लिए नशे को न कहना सीखें। उन्होंने कहा कि नशा क्षणिक सुख और अस्थाई सफलता प्रदान कर सकता है किंतु जीवन में स्थाई सफलता और सामाजिक स्तर पर बेहतर जीवनयापन के लिए परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी की ऊर्जा का सही दिशा में इस्तेमाल करने के लिए राज्य सरकार द्वारा योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य युवाओं को व्यायामए योग और खेल गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान एवं अवसर उपलब्ध करवाना है। इससे जहां युवा विभिन्न प्रतिस्पाधाओं में अपना बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे वहीं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश तथा देश का नाम भी रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ नागरिक राष्ट्र को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि अपने शरीर का बेहतर ख्याल रखना भी ज्ञान का ही एक हिस्सा है और युवाओं को इसे अपनी शिक्षा के साथ-साथ आत्मसात करना चाहिए। डॉ.शांडिल ने कहा कि कराटे मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि स्टार हिमालय कराटे अकादमी द्वारा कराटे लीग आयोजित कर एक सराहनीय पहल की गई है। ऐसी गतिविधियों से युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा सकता है। खेलकूद गतिविधियां युवा में नेतृत्व क्षमता को निखारने में भी सहायक सिद्ध होती हैं। भावी पीढ़ी में नेतृत्व क्षमता का जागृत होना देश व प्रदेश को शिखर तक पहुंचाने में एक अहम भूमिका निभाता है और इस दिशा में खेल महत्वपूर्ण हैं।स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर अकादमी को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपये देने की घोषणा भी की।स्टार हिमालय कराटे अकादमी के अध्यक्ष पीसी कश्यप ने कहा कि कराटे लीग में 21 राज्यों की 42 टीमों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को कराटे में बेहतर भविष्य बनाने के लिए अकादमी एक सेतु के रूप में कार्य कर रही है।
,अकादमी का लक्ष्य इस क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करना है।इस अवसर पर जोगिन्द्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, जिला कांग्रेस सोलन के अध्यक्ष शिव कुमार, जिला कांग्रेस समिति के महासचिव एवं जिला सोलन कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जतिन साहनी,सहित आदि उपस्थित रहे।



# प्रशिक्षित होकर क्षमताओं का विकास करना स्वावलम्बन की ओर पहला कदम: धूमल

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
अत्याधिक कम्पीटिशन के वर्तमान युग में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान जीवन मे सफलता प्राप्त करने के दो उपयोगी पहलू हैं। स्वावलंबन आत्मविश्वास व आत्मसम्मान को बढ़ाने का काम करता है। स्वावलंबी होने के लिए प्रशिक्षित होना और अपनी क्षमताओं का विकास करना जरूरी है। सोमवार को भोरंज विधानसभा के लहराना गांव में प्रयास संस्था द्वारा आयोजित 35 दिवसीय ब्यूटी एंड वैलनेस कोर्स के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल ने प्रशिक्षित हुई 62 युवतियों को प्रोत्साहित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि स्वावलंबी होने से उनका मतलब आत्मनिर्भर होने से अपने पैरों पर खड़े होने से है। जो स्वरोजगार शुरू करके हुआ जा सकता है। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु युवतियों को सर्टिफिकेट और मेकअप किट बांट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

ग्रामीण क्षेत्रों में अनेकों ट्रेनिंग कोर्स चला कर अनुराग ठाकुर ने हजारों को आत्मनिर्भरः धूमल

पूर्व मुख्यमंत्री ने इस अवसर उपस्थित स्थानीय महिला शक्ति को प्रेरित करते हुए कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वावलंबी बनाने के लिए अनुराग ठाकुर द्वारा अनेकों ट्रेनिंग कोर्स प्रयास संस्था की माध्यम से चलाये जा रहे हैं जहां अपने पैरों पर खड़ा होने की दृढ़ इच्छाशक्ति रखने वाले हजारों लोग महिलाएं युवक युवतियां अब तक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी आजीविका आज खुद कमा पाने में सफल हुए हैं। इन अवसरों का लाभ बाकी जन को भी उठाना चाहिए। पूर्व सीएम ने यह विश्वास जताया कि आने वाले समय में ब्यूटी एंड वैलनेस कोर्स का यह प्रशिक्षण प्रशिक्षित हुई सभी युवतियों के काम आएगा वह अपना ब्यूटी पार्लर का काम शुरू करके पैसे भी कमाएंगी और अपने परिवार को भी लाभ पहुंचाएंगी। भोरंज के लहराना गांव में आयोजित ब्यूटी एंड वैलनेस प्रशिक्षण कोर्स की समाप्ति पर पूर्व




मुख्यमंत्री ने 62 प्रशिक्षु युवतियों को सर्टिफिकेट और मेकअप किट बांट कर किया प्रोत्साहित पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली लड़कियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण में आप सब ने जो सीखा है उसको ऐसे ही बेकार मत कर देना। क्योंकि लगातार प्रयास करने से और अभ्यास करने से ही व्यक्ति में कुशलता आती है। यहां जिन लड़कियों ने ब्यूटी एंड वैलनेस का कोर्स सीखा है वह अपने गांव में अपने घर में ब्यूटी पार्लर खोलें काम करना शुरू करें गांव के लोग आएंगे और यदि अच्छा काम करोगे तो दूर-दूर से लोग आएंगे। और जो आपने सीखा है उसे अपने तक ही सीमित ना रखें हो सके तो आगे भी और लोगों को यह सिखाएं ताकि वह भी अपने पैरों पर खड़े हो सकें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर के सांसद प्रयास संस्था के माध्यम से क्षेत्र के लोगों के लिए अनगिनत योजनाएं चला रहे हैं। मात्र एक फोन करने पर ही प्रयास संस्था वालों की सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा एंबुलेंस गांव पहुंच जाती है और गांव के बुजुर्ग बीमार व्यक्ति को घर द्वार पर मेडिकल सुविधा उपलब्ध हो जाती है जिसमें 40 तरह के टेस्ट जो कि बिल्कुल मुफ्त में किए जाते हैं साथ में दवाई मुफ्त दी जाती है और तो और ब्रेस्ट कैंसर जैसी भयानक बीमारी का डायग्नोज भी यह सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा द्वारा किया जा रहा है। शुरू होने से अब तक लाखों लोगों को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा लाभान्वित कर चुकी है और साथ में कोविड.19 काल के दौरान भी सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने लोगों को बहुत राहत पहुंचाई। गांव गांव में एक से श्रेष्ठ केंद्र चलाए जा रहे हैं जहां प्रतिदिन 2 घंटे तक बच्चों को पढ़ाई करवाई जा रही है स्कूल का होमवर्क बच्चों को यहाँ कराया जाता हैए पढ़ाने वाले अध्यापकों को लैपटॉप और पढ? वाले बच्चों को स्कूल बैग कम स्टडी टेबल दिए गए हैं। काम में व्यस्तता होने के कारण बच्चों पर ध्यान ना दे पाने वाले अभिभावकों के यह लिए बहुत बड़ी राहत प्रयास द्वारा पहुंचाई जा रही है । बच्चे नशों से दूर रहें और खेल के मैदान से जुड़े इसके लिए सांसद खेल महाकुंभ की शुरूआत 4 साल पहले हमीरपुर में सांसद अनुराग ठाकुर ने की थी और अब देश का हर सांसद खेल महाकुंभ आयोजित करवा रहा है अब देश भर के बच्चे नशों से बचेंगे और खेलों में उत्कृष्ट होंगे। जेसीबी चलाना बहुत कठिन होता है उसकी ट्रेनिंग करवाई जा रही है 45 दिन की ट्रेनिंग में खाना.पीना मुफ्त कपड़े जूते मुफ्त और ट्रेनिंग के बाद नौकरी भी मुहैया करवाई जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### सांसद प्रतिभा सिंह ने सांसद निधि से जारी किए 25 .88 लाख रुपये



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
सांसद प्रतिभा सिंह ने अपनी सांसद निधि से मंडी संसदीय क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 25.88 लाख रुपये की राशि जारी की है। यह जानकारी सांसद प्रतिभा सिंह के मीडिया प्रभारी गुरमुख सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दी। उन्होंने बताया कि सांसद प्रतिभा सिंह ने विधानसभा क्षेत्र द्रंग, सराज, मनाली, करसोग, सरकाघाट और मंडी संसदीय क्षेत्र की अन्य विधानसभाओं की ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 25.88 लाख रुपये की राशि जारी की है।

### रोंगटोंग में स्वर्गीय लता ठाकुर मैमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/अंगारिया**
स्पीति घाटी में रंगरीक यंग फ ारमर क्लब के सौजन्य से रोंगटोंग के खेल परिसर में स्वर्गीय लता ठाकुर मैमोरियल क्रिकेट टूनामेंट व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस टूनामेंट में स्पीति घाटी व आसपास के क्षेत्र की 25 क्रिकेट टीमें भाग ले रही हैं। लाहुल स्पीति की पहली महिला विधायक स्वर्गीय लता ठाकुर की याद में आयोजित किए गए टूनामेंट का शुभारंभ एसडीएम काजा हर्ष नेगी ने किया। इस अवसर पर टीएसी वीर भगत,ग्राम पंचायत खुरिक की प्रधान देचेन अंगमो,डीसीसी लाहुल स्पीति के उपाध्यक्ष छेरिंग टशी भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। उधर, विधायक लाहुल स्पीति रवि  ठाकुर ने कहा कि उनका हमेशा यह प्रयास रहता है कि घाटी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर मौका प्रदान करें, ताकि वे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकें। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लता ठाकुर मैमोरियल क्रिकेट टूनामेंट इससे पहले उदयपुर ब्लॉक में भी आयोजित किया जाता रहा है। इस बार स्पीति ब्लॉक में भी इसकी शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना उनकी प्राथमिकता में शामिल है और खेलों से खिलाड़ियों का मानसिक और शारीरिक विकास भी होता है।

### स्पर्श पर्ल पंचकुला में फॉसेट् बाजार का नेतृत्व करेगा

**पंचकुला-** भारत में 7.8 प्रतिशत सीएजीआर दर्ज करते हुए फॉसेट् बाजार का आकार 2027 तक $59.2 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। फॉसेट् मुख्य रूप से रसोई और बाथरूम में उपयोग किये जाते हैं ये नलसाजी प्रणाली का अभिन्न अंग हैं और पानी के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं।आजकल बाथरूम और किचन सेगमेंट में सबसे तेज वृद्धि देखी जा रही है मॉड्यूलर बाथरूम और किचन के बढ़ते चलन के कारण लोग उन्नत और परिष्कृत इन.बिल्ट उपकरणों का विकल्प चुन रहे हैं।इस तरह की विभिन्न प्रकार की उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्ल प्रिसिशन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड,टैप बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी और सेनेटरी वेयर और बाथरूम एक्सेसरीज में एक अग्रणी नाम के प्रमुख ब्रांड स्पर्श पर्ल पंचकुला में सबसे बड़े वितरक श्री बाला जी प्लास्टिक के साथ आक्रामक रूप से काम कर रहा है।

पर्ल प्रिसिशन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नरेश कुमार गर्ग ने कहा बाजार पहले से कहीं अधिक शिक्षित हो गया है और डिजाइन नवाचार के लिए बहुत अधिक जोर दिया जा रहा है जहां हमारी मूल ताकत निहित है। हम पंचकुला में अपने ब्रांड के लिए बहुत गति देखते हैं ग्राहक विभिन्न प्रकार के डिजाइन चाहते हैं क्योंकि आवासीय अपार्टमेंट का नया निर्माण वाणिज्यिक स्थानों में विकास घरों का नवीनीकरण और पुराने नलों को बदलना मांग में वृद्धि के प्रमुख कारण हैं।ब्रांड के पास उत्पादों की सुरुचिपूर्ण और किफायती रेंज है जिसमे सिस्टर्न,सीट कवर, कैबिनेट,कनेक्शन पाइप्स,किचन सिंक,बाथरूम एक्सेसरीज,जैसे हेल्थ फॉसेट,सोप डिस्पेंसर आदि विभिन्न शैलियों,रंगों और परिष्करण की विस्तृत श्रृंखला में उपलब्ध हैं।हाल ही में कंपनी ने फ्लोशील्ड पाइप्स और फिटिंग्स के माध्यम से पाइप निर्माण में भी प्रवेश किया है। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का एक आदर्श संयोजन स्पर्श पर्ल उत्पादों को स्थायित्व के लिए कठोर परीक्षण किया गया है और गुणवत्ता,विश्वसनीयता और प्रदर्शन के साथ इसकी पहचान की गई है।

# कांगू स्कूल में कचरा प्रबंधन एवं एकल प्लास्टिक उपयोग की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगू में विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद (हिमकोस्टे) के सौजन्य से स्कूल के पाईन व्यू ईको क्लब ने कचरा प्रबंधन एवं एकल प्लास्टिक उपयोग पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, महिला मंडल-युवक मंडल मालग के सदस्यों, विद्यालय के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर बागवानी और वानिकी महाविद्यालय नेरी की डॉ. प्रीति शर्मा और डॉ. हिमानी शर्मा ने प्रतिभागियों को कचरा प्रबंधन एवं एकल प्लास्टिक उपयोग पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने गीले कचरे से बनने वाली जैविक खाद के उपयोग से भी अवगत करवाया। कार्यशाला में विशेष रूप से आमंत्रित जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने प्लास्टिक से हो रहे पर्यावरण प्रदूषण और इसके दुष्प्रभावों पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।प्रधानाचार्य रत्न जरियाल ने राजेश गौतम, डॉ. प्रीति, डॉ. हिमानी और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण में कचरा प्रबंधन जागरूकता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद भी किया।

# कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने किया एनेक्सी भवन का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया का निष्पादन केवल न्यायाधीश के लिए व्यवस्था करने से ही नहीं हो सकता बल्कि बैंच के साथ-साथ बार के लिए भी बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि कुल्लू के बार रूम का विस्तार करने का कार्य चल रहा। उन्होंने कहा कि आज सेशन्स हाउस कुल्लु के एनेक्सी भवन का शिलान्यास हुआ है जिसका निर्माण लगभग 4.5 करोड़ लागत रुपये की लागत से पूर्ण किया जायेगा।उन्होंने कहा कि कुल्लू  देश को लद्दाख से जोड? वाले मार्ग का प्रवेश द्वार



है जिस कारण यहां आवजाही अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की कार्यप्रणाली को अधिक सुदृढ़ करने के लिए ठहरने की अच्छी सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।उच्च न्यायालय की न्यायाधीश एवं सेशन्स डिवीजन कुल्लू की प्रशासनिक न्यायाधीश ज्योत्सना रेवाल दुआ ने कहा कि मनाली में भी एक नए रेस्ट हाउस का निर्माण किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुल्लू  देविंदर कुमार ने स्वागत वक्तव्य में समस्त अतिथियों का स्वागत किया तथा समस्त अतिथियों को पारंपरिक टोपी एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।जिला बार एसोसिएशन कुल्लू की ओर से भी अतिथियों को पारंपरिक टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवनीत सूद ने धन्यवाद वक्तव्य देकर सभी का आभार प्रकट किया।

इस अवसर अवसर पर न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल, ऑफि सर ऑन स्पेशलिस्ट ड्यूटी चिराग भानु सिंह, रजिस्ट्रार जनरल हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय अरविन्द मल्होत्रा, राज्य विधिक सेवाएं के सदस्य सचिव प्रेम पाल राण्टा, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हरीश शर्मा, सहित आदि उपस्थित रहे।

# 20 मई को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक शिमला में

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल कहा कि नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में बनी भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार को 30 मई, 2023 को 9 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रव्यापी महा जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि एक महीने तक चलने वाले इस महा जनसंपर्क अभियान की सम्पूर्ण तैयारियां 29 मई, 2023 से पहले पूर्ण कर ली जाएगी। 30 एवं 31 मई, 2023 को मोदी दो बड़ी जनसभाओं को देश में संबोधित करेंगे और 1 जून,  2023 से



30 जून, 2023 तक समस्त हिमाचल प्रदेश में घर-घर तक केन्द्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों को पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। डॉ. बिन्दल ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु भारतीय जनता पार्टी की एक विशेष कार्यसमिति की बैठक 20 मई, 2023 को होटल पीटरहॉफ , शिमला में आयोजित की जा रही है जिसमें भाजपा का समस्त प्रदेश स्तरीय नेतृत्व उपस्थित रहेगा। व्यवस्था संबंधी कार्यक्रमों एवं व्यवस्था संबंधी बैठकों का दौर जारी है।  बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन सहित भाजपा के प्रदेश, जिला एवं मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## धुग्गे में कार की टक्कर से स्कूटी चालक जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना हरोली के तहत हीरां कुंगड़त मार्ग धुग्गें में कार व स्कूटी की आपस में टक्कर हुई। हादसे में स्कूटी चालक घायल हो गया, जिसका कुंगड़त अस्पताल में उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक हरमेश चंद निवासी गोंदपुर बुल्ला सोमवार को अपनी स्कूटी पर सवार होकर धुग्गे गांव से गुजर रहा था। इसी दौरान एक कार के साथ टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार हरमेश चंद को काफी चोटें आई हैं।

# भटियात विधानसभा में जल शक्ति विभाग की योजनाओं पर व्यय होंगे 318 करोड़: विधानसभा अध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया /चंबा/हामिद**
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने  कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत पेयजल, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण और मल निकासी योजनाओं पर जारी वित्त वर्ष के दौरान लगभग 318 करोड़ रुपयों की राशि व्यय करने का प्रावधान रखा गया है।  वे आज विधानसभा क्षेत्र भटियात के तहत कार्यान्वित की जा रही विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा को लेकर परिधि गृह डलहौजी में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने योजनाओं को निर्धारित अवधि के  पूर्ण करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि एनडीबी के माध्यम से वित्त पोषित उठाऊ पेयजल योजना बगढार-नगाली-शेरपुर के कार्यों पर 60 करोड़ 78 लाख रुपयों की राशि व्यय की जा रही है। इस योजना के कार्यशील होने से 20 ग्राम पंचायतों की 318 ग्रामीण बस्तियों के 28 हजार से अधिक आबादी को निर्बाध पेयजल आपूर्ति उपलब्ध होगी। इस पेयजल योजना को अगले 2 वर्षों के भीतर तैयार कर लिया जाएगा। एडीबी चरण एक और चरण दो के तहत निर्माणाधीन विभिन्न पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान कुलदीप सिंह पठानिया ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि 38 करोड़ 25 लाख रुपए की राशि से निर्मित होने वाली  इन योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की 14 पंचायतों के लोगों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। बैठक में विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश मोगरा ने कार्यवाही का संचालन करते हुए विभिन्न योजनाओं के तहत प्रगति की जानकारी का ब्यौरा रखा।

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय जल विद्युत निगम की विद्युत परियोजना चमेरा चरण-1 के जलाशय के समीप निर्माणाधीन उठाऊ पेयजल योजना बगढार-नगाली-शेरपुर की कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष को जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता राकेश ठाकुर ने पेयजल योजना से संबंधित  सभी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता जल शक्ति सुनील क्लोतरा, एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज,सहित आदि उपस्थित रहे।

# कुल्लू की देव संस्कृति से रुबरु हुए नागालैंड व असम के लोग

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**
ऋ षि मनु के देवालय में देवी हिडिम्बा के रथ को तैयार करते समय आयोजित देव विधि कार्यक्रम में यह लोग भी शामिल हुए। सभी लोगों ने सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। देव कार्यक्रम देख यह लोग बहुत उत्साहित हुए। देवी के गुर से अपनी भाषा बोलते सुन यह लोग भावुक हो गए। गुर ने इन्ही की भाषा में बातचीत की ओर सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। लगभग दो घण्टे तक चले इस कार्यक्रम में माहौल भावुकता भरा



हो गया। माता ने उन्हें सब ठीक रहने की बात करते हुए कहा कि भविष्य की चिंता न करें वह हर समय उनके साथ है। इस दौरान कुल्लू के राजा महेश्वर सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनकी राजदादी माता हिडिम्बा के अनुयायी नागालैंड व असम में भी है।

हिमगिरी कल्याण आश्रम नागालैंड की अध्यक्ष ने कहा कि सभी ने माता हिडिम्बा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया और देव प्रतिनिधियों से संस्कृति पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि यहां आकर सभी लोग भावुक हो उठे। आशीर्वाद पाकर सभी अपने को सौभाग्यशाली समझने लगे। उन्होंने बताया कि डिमासा समुदाय के लोग हर साल माता हिडिम्बा के दर्शन करने आते रहेंगे और संस्कृति का आदान प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुल्लू मनाली के लोग बहुत अच्छे हैं और मिलनसार है। सभी से जो प्यार उन्हें मिला है वह हमेशा याद रहेगा।

# नप से टैक्स वसूलना बंद करें अन्यथा होगा धरना प्रदर्शन: इंद्र सिंह गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि नगर परिषद नेरचौक के बाशिंदों से टैक्स वसूलने की जो बात की जा रही है वह आम नागरिक पर एक अतिरिक्त बोझ डालने वाली बात है। तत्कालीन वीरभद्र सरकार ने  जनता की राय लिए बिना जबरदस्ती नगर परिषद नेरचौक  जनता पर थोपे थी जिसका परिणाम यह रहा था कि विधानसभा से पूर्व में रहे मंत्री को बडे मार्जन से हार का सामना करना पड़ा । पूर्व सरकार ने बल्ह की जनता के दुख दर्द को समझते हुए नगर परिषद से अधिकतर एरिया को बाहर कर 5 पंचायतें बनाई और अधिकृत क्षेत्र के लोगों पर किसी भी प्रकार का टैक्स ना



लगाकर आम जनता को राहत दी लेकिन जैसे ही प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्तासीन हुई उसने नगर परिषद नेरचौक और नगर निगम मंडी के लोगों पर टैक्स का अतिरिक्त बोझ डालते हुए आम जनता को परेशान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने 5 महीने के कार्यकाल में प्रदेश में जो विकास कार्य  जो कि तेज गति से चल रहे थे उन पर रोक लगा दी है। पिछले 5 महीने में किसी भी विकास कार्य को मलीजामा नहीं पहनाया गया है । सडकों के निर्माण कार्यए पुलों के निर्माण कार्य सहित विभागीय अधिकारी सरकार के दबाव में आकर भेदभाव पूर्ण नीति अपनाकर कार्य करने की मंशा से कार्य कर रहे हैं जो कि बिल्कुल ही गलत है। लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग में जिन कार्यों की टेंडर प्रक्रिया चल रही थी और जो हो चुकी थी उन सबको कैंसिल कर दिया है जिससे कि विकास के कार्यों में ठहराव तो आया ही है। साथ में युवा बेरोजगारों को अपना गुजर.बसर करना भी मुश्किल हो गया है।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में अंतर  है। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से कहा है कि उन्होंने काम रोकने की जो नीति प्रदेश में शुरू की है उससे किसी का भला नहीं होगा । पूर्व की सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में बल्ह विधानसभा में विभिन्न कार्यों को बजट उपलब्ध करवाकर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए काम शुरू कर दिए थे उन सब कामों को भी प्रदेश सरकार ने बंद करवा दिया है बेमौसमी बरसात ने भी बल्ह के किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है बारिश से जहां नगदी फसलें पूरी तरह से खराब हो गई वहीं गंदम की फसल भी पूरी तरह से नष्ट हो गई है बल्ह के अधिकतर युवाओं ने टमाटर की खेती की थी जिस पर हजारों लाखों रुपए खर्च किया गया है लेकिन मौसम और बीमारी के कारण पूरी फसल तबाह हो गई है उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि वह किसान के नुकसान का आकलन कर उन्हें प्राथमिकता पर उचित मुआवजा प्रदान करें  विधायक इंद्र सिंह गांधी ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि नगर परिषद और नगर निगम  मंडी में लगाए गए टैक्स के आदेश को तुरंत प्रभाव से वापिस ले और किसानों को नुकसान का मुआवजा अति शीघ्र प्रदान करें अन्यथा बल्ह की जनता अपने अधिकारों के लिए संघर्ष को मजबूर होगी व विभागीय कार्यालयों में धरना प्रदर्शन करने में भी किसी प्रकार का गुरेज नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर उनके साथ मंडलअध्यक्ष राजेंद्र राणा, महामंत्री कुलदीप ठाकुर, किसान मोर्चा के जिला प्रवक्ता नेत्र सिंह नायक भी मौजूद रहे

**Name Change**

I, Neelam Kapila spouse of No.160972M O/Supdt Ajit Kumar(Name of husband) of a VPO-Tharial,BPO- Madhopur, Teh & Distt Pathankot,Punjab- 145025 has changed my name from Neelam kapila (existing name of spouse as per change of Next of Kin in records/service documants) to Neelam Kumari(proposed new name as per school certificate) and vide Affidavit dated 10 May 2023 before Executive Magistrate,Pathankot.

## कच्चा तेल 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में कुछ गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड का भाव 74 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। देश में सबसे महंगा पेट्रोल राजस्थान के श्रीगंगानगर में 113.30 रुपये प्रति लीटर और डीजल 98.07 रुपये प्रति लीटर है। पोर्ट ब्लेयर में सबसे सस्ता पेट्रोल 84.10 रुपये प्रति लीटर और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन ब्रेंट क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.47 फीसदी की गिरावट के साथ 73.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.32 डॉलर यानी 0.46 फीसदी लुढ़ककर 69.72 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है।




## भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद की पहली मंत्रिस्तरीय बैठक ब्रसेल्स में मंगलवार को

नई दिल्ली। भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) की पहली मंत्रिस्तरीय बैठक मंगलवार, 16 मई को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होगी। इस बैठक में रणनीतिक प्रौद्योगिकियों, डिजिटल संपर्क, स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार और निवेश में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने जारी आधिकारिक बयान में कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर बैठक में शामिल होंगे। वहीं, यूरोपीय संघ की अगुवाई उसके कार्यकारी उपाध्यक्ष डोंब्रोव्स्की और वेस्टेगर करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में तीन कार्य समूह दोनों पक्षों के बीच भविष्य के सहयोग के लिए रिपोर्ट पेश करेंगे। पहला कार्य समूह सामरिक प्रौद्योगिकियों, डिजिटल शासन और डिजिटल संपर्क से संबंधित है। दूसरा कार्य समूह हरित और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों से जुड़ा है, जबकि तीसरा कार्य समूह व्यापार, निवेश तथा लचीली मूल्य श्रृंखलाओं से संबंधित है। बयान के मुताबिक बैठक में भारत में निवेश की आगे की योजनाओं के साथ-साथ भारत में बेल्जियम के उद्यमों के आर्थिक परिदृश्य पर चर्चा होगी। इसके अलावा तीनों भारतीय मंत्री बेल्जियम के प्रधानमंत्री के साथ-साथ यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष से भी मुलाकात करेंगे।

## वेब सर्विसेज और एचआर टीम के लोगों को पिंक स्लिप थमाया गया, 500 लोगों के बाहर होने की खबर

नई दिल्ली। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमेजन इंडिया में एक बार फिर छंटनी की गई है। सूत्रों के हवाले से दी गई जानकारी के अनुसार इस बार छंटनी में अमेजन वेब सर्विसेज और पीपुल एक्सपीरिएंस एंड टेक्नोलॉजी सोल्यूशन (पीएक्सटी) वर्टिकल के कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र के अनुसार हालिया छंटनी मार्च में कंपनी में की गई घोषणा का हिस्सा है। उस समय कंपनी के सीईओ एंडी जैसी ने कहा था कि छंटनी से करीब 9000 कर्मचारी प्रभावित होंगे। सूत्रों के अनुसार इस बार की छंटनी में कंपनी ने भारतीय टीम के कर्मचारियों को पिंक स्लिप थमाया है।

सूत्र के अनुसार इस छंटनी में करीब 400 से 500 कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। एक अन्य सूत्र के अनुसार इस बात की छंटनी में पीएक्सटी डिपार्टमेंट से करीब 100 कर्मचारियों की छंटनी की गई है। पीएक्सटी डिपार्टमेंट कंपनी कंपनी का मानव संसाधन विभाग है। कंपनी के डेटा मैनेजमेंट विभाग से एक कर्मचारी ने कहा, 'विभाग से 80 ज्यादा लोगों को निकाला गया है। कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति और चिकित्सा बीमा का लाभ मिलेगा।

# थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में घटकर -0.92 फीसदी पर आई

**- अप्रैल में थोक महंगाई दर घटकर 34 माह के निचले स्तर**

नई दिल्ली। खुदरा के बाद थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में भी गिरावट आई है। अप्रैल में थोक महंगाई दर घटकर 34 माह के निचले स्तर -0.92 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले मार्च में यह 1.34 फीसदी थी, जबकि पिछले साल अप्रैल महीने में यह 15.38 फीसदी फीसदी रही थी। ये लगातार 11वां महीना है, जब थोक महंगाई दर में गिरावट आई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में घटकर 34 महीने के निचले स्तर -0.92 फीसदी पर



आ गई है। डब्ल्यूपीआई पर आधारित महंगाई दर में लगातार 11वें महीने गिरावट दर्ज हुई है, जो घटकर शून्य से नीचे चली गई है। थोक महंगाई दर मार्च में 1.34 फीसदी थी, जबकि फरवरी में 3.85 फीसदी रही थी। इससे पहले जून, 2020 में थोक महंगाई दर शून्य से 1.81 फीसदी नीचे रही थी। मंत्रालय के मुताबिक खाने-पीने के सामान और ईंधन और बिजली के दामों में गिरावट आने से थोक महंगाई घटी है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों की महंगाई भी अप्रैल में घटकर 3.54 फीसदी रह गई है, जो मार्च में 5.48 फीसदी रही थी। इसी तरह ईंधन और बिजली क्षेत्र की महंगाई अप्रैल में घटकर 0.93 फीसदी रह गई है, जो मार्च में 8.96 फीसदी रही थी। अप्रैल महीने में विनिर्मित उत्पादों की महंगाई घटकर शून्य से 2.42 फीसदी नीचे रही है, जबकि मार्च में यह 0.77 फीसदी थी। अप्रैल में खुदरा महंगाई दर घटकर 18 महीने के निचले स्तर 4.70 फीसदी पर रही थी।

## ईडी ने आईएल एंड एफएस मामले में जयंत पाटिल को फिर भेजा समन, पूछताछ के लिए 22 मई को बुलाया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता जयंत पाटिल को इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग ऐंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएल ऐंड एफएस) मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 22 मई को पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। इसके पहले उन्हें 12 मई को पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया था। जयंत पटिल ने ईडी के सामने हाजिर होने और दस्तावेज जमा करने के लिए समय मांगा था। उल्लेखनीय है जयंत पाटिल की गिनती राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार के करीबियों में होती है। यह मामला आईएल ऐंड एफएस समूह के ऋण और कोहिनूर सीटीएनएल में इक्विटी निवेश में कथित अनियमितता से संबंधित है, जो डिफॉल्टरों में से एक है।

## सेबी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- 2016 से नहीं चल रही अदाणी समूह के कंपनियों की जांच, दावा निराधार

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने एक हलफनामे में कहा कि वह 2016 से अदाणी समूह के कंपनियों की जांच नहीं कर रहा है और इससे जुड़े आरोप निराधार हैं। सेबी के हलफनामे में कहा गया है कि इस दौरान 51 भारतीय सूचीबद्ध कंपनियों के खिलाफ जांच की गई, जिनमें से कोई भी अदाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनी नहीं थी। सेबी ने कहा है कि यह बिल्कुल निराधार बात है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) 2016 से अदाणी की जांच कर रहा है।

सेबी ने सुप्रीम कोर्ट में हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए समय बढ़ाने की मांग वाली याचिका पर जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया है। नियामक ने इस हफलनामे में साफ किया है कि वर्ष 2016 से अदाणी समूह की जांच किए जाने की बात तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह निराधार है। दरअसल, याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया था कि जब 2016 से अदाणी समूह के खिलाफ जांच चल रही है तो SEBI को और समय क्यों



चाहिए। न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंडों की जांच के संदर्भ में, सेबी ने बताया है कि वह मामले की जांच के लिए पहले ही 11 विदेशी नियामकों से बहुपक्षीय समझौता ज्ञापन के तहत प्रतिभूति आयोगों के अंतरराष्ट्रीय संगठन के साथ संपर्क कर चुका है। इन नियामकों से जानकारी देने के लिए अनुरोध किए गए थे विदेशी नियामकों के लिए पहला अनुरोध 6 अक्टूबर, 2020 को भेजा गया था। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के आरोपों से जुड़ी जांच पर सेबी ने कहा कि लेनदेन की कड़ी जांच के लिए डेटा और सूचना के मिलान की आवश्यकता होगी। कई घरेलू और साथ ही अंतरराष्ट्रीय बैंकों से बैंक स्टेटमेंट सहित विभिन्न स्रोतों से जानकारी, लेन-देन में शामिल On-Shore और Off-Shore संस्थाओं के वित्तीय विवरण और अन्य सहायक दस्तावेजों के साथ संस्थाओं के बीच अनुबंध और समझौते यदि हों, उनकी पड़ताल करनी होगी। इसके बाद, निर्णायक निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले विभिन्न स्रोतों से प्राप्त दस्तावेजों का विश्लेषण करना होगा।

## आईफोन बनाने वाली कंपनी और तेलंगाना के बीच 50 करोड़ डॉलर निवेश का करार, 25 हजार नौकरियों का होगा सृजन

नई दिल्ली। तेलंगाना के मंत्री केटी रामा राव ने आज घोषणा की है कि एपल के उत्पादन बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन तेलंगाना में 50 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी और परियोजना के पहले चरण में 25,000 लोगों को रोजगार दिया जाएगा। फॉक्सकॉन का संयंत्र हैदराबाद के पास रंगारेड्डी जिले के कोंगर कलान में बनेगा।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बेटे और राव ने ट्वीट में कहा, 'मुझे आज कोंगर कलान में फॉक्सकॉन के पहले संयंत्र की आधारशिला रखने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। 50 करोड़ डॉलर से अधिक के निवेश के साथ पहले चरण में करीब 25000 लोगों को नौकरियां मिलेंगी।'

रामा राव जिन्हें केटीआर के नाम से भी जाना जाता है, तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार मंत्री हैं। वह नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास और उद्योग और वाणिज्य विभागों को भी संभालते हैं। तेलंगाना सरकार और फॉक्सकॉन की ओर से जारी एक




**तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बेटे और राव ने ट्वीट में कहा, 'मुझे आज कोंगर कलान में फॉक्सकॉन के पहले संयंत्र की आधारशिला रखने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।**

संयुक्त बयान में कहा गया है कि नई उत्पादन इकाई से विश्व स्तरीय उत्पादों की डिलीवरी जारी रखने का वादा है। बयान में कहा गया है कि फॉक्सकॉन इंटरकनेक्ट टेक्नोलॉजी की वैश्विक विस्तार रणनीति के लिए एक मील का पत्थर है।

बयान में राज्य सरकार को अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने की अटूट प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया गया है। फॉक्सकॉन का मुख्यालय ताइवान के न्यू ताइपे शहर में है और यह आईफोन का दुनिया का सबसे बड़ा निर्माता है। कंपनी के अधिकांश संयंत्र चीन में स्थित हैं।

## रुपे डेबिट कार्ड की दुनियाभर में स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए गठजोड़, इन देशों में अभी मान्य

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) रुपे डेबिट कार्ड की वैश्विक स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए और गठजोड़ करने के लिए प्रयास कर रहा है।

सूत्रों ने बताया, रुपे डेबिट कार्ड और मजबूत करने की जरूरत है। एनपीसीआई इस दिशा में काम कर रहा है, जिससे रुपे कार्ड के उपयोगकर्ता वीजा या मास्टरकार्ड का इस्तेमाल करने वालों के बराबर पहुंच सकें।' रुपे ने मार्च, 2012 में भारतीय नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय सेवाएं देने के लिए डिस्कवर फाइनेंशियल सर्विसेज से गठजोड़ किया था। जुलाई, 2019 में जेसीबी इंटरनेशनल कंपनी लि. के साथ मिलकर रुपे जेसीबी ग्लोबल कार्ड पेश करते हुए अपनी नेटवर्क क्षमताएं मजबूत की हैं।

**रुपे कार्ड यहां स्वीकार्य**

रुपे कार्ड इस समय डिस्कवर ऑफ द यूएस, डाइनर्स क्लब, जेसीबी ऑफ जापान, पल्स और यूनियन पे ऑफ चाइना समर्थित बिक्री मशीनों (पीओएस) पर स्वीकार किए जाते हैं। रुपे जेसीबी ग्लोबल कार्ड का उपयोग भारत में रुपे कार्ड स्वीकार करने वाले केंद्रों पर और देश से बाहर जेसीबी कार्ड स्वीकार करने वाले केंद्रों पर पीओएस, ई-कॉमर्स व एटीएम के लिए किया जा सकेगा।

**नीदरलैंड बना भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक भागीदार**

नई दिल्ली। अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात के बाद नीदरलैंड भारत का तीसरा बड़ा निर्यातक देश बन गया है। पिछले वित्त वर्ष में भारत से नीदरलैंड को पेट्रोलियम उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक सामानों, केमिकल और अल्यूमिनियम जैसे सामानों का ज्यादा निर्यात हुआ।

वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, नीदरलैंड के साथ भारत का ट्रेड सरप्लस 2022-23 में 13 अरब डॉलर रहा है जो 2021-22 में 8 अरब डॉलर था। नीदरलैंड ने इस दौरान यूके, हांगकांग, बांग्लादेश और जर्मनी को भारत के साथ कारोबार में पीछे छोड़ा है। भारत से नीदरलैंड को 2022-23 में निर्यात 48त बढ़कर 18.52 अरब डॉलर पर पहुंच गया।?

# पीएम मोदी बोले- सार्थक रही वॉलमार्ट के सीईओ के साथ मुलाकात, गहन चर्चा हुई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वॉलमार्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डग मैकमिलन के साथ उनकी हालिया बैठक सार्थक रही और इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की। मोदी ने यह भी कहा कि वह भारत को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरते हुए देखकर खुश हैं।

मैकमिलन ने पिछले सप्ताह पीएम मोदी से मुलाकात की थी। मोदी ने ट्वीट में कहा, वॉलमार्ट के सीईओ डग मैकमिलन के साथ बैठक सार्थक रही। हमने विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया। भारत को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में



उभरते हुए देखकर खुशी हुई।

वहीं, वॉलमार्ट इंक ने 11 मई को ट्वीट किया था, शानदार बातचीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धन्यवाद। हम 2027 तक भारत से प्रतिवर्ष 10 अरब डॉलर का निर्यात करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम भारत को खिलौने, सी फूड और अन्य सामानों में वैश्विक निर्यात नेता बनाने के लिए रसद, कौशल विकास और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

वॉलमार्ट इंक ने मैकमिलन के हवाले से एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात ने भारत के साथ मिलकर काम करने के साझा मूल्यों को और मजबूत किया। हम एक साथ मिलकर देश के विनिर्माण विकास का समर्थन करना और अवसर पैदा करना जारी रखेंगे।

# बीआईएस के दायरे में आने से सुधरेगी गुणवत्ता, महंगा होगा पॉलिएस्टर धागा

नई दिल्ली। पॉलिएस्टर धागे को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के दायरे में लाने की तैयारी कर ली गई है। जुलाई के पहले सप्ताह से यह लागू हो जाएगा। माना जा रहा है कि इससे भारतीय उत्पाद की अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुणवत्ता के आधार पर मांग बढ़ेगी। साथ ही, चीन से आने वाले कम गुणवत्ता के पॉलिएस्टर धागे पर रोक लगेगी। बीआईएस के दायरे में आने से पॉलिएस्टर धागे की कीमत में 10 से 15 रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हो जाएगी।

दरअसल, देश में पॉलिएस्टर धागे का बाजार करीब 10 लाख करोड़ रुपये का है। पानीपत और सूरत पॉलिएस्टर धागे के हब हैं। अकेले पानीपत में इसके करीब 250 उद्योग हैं, जबकि देश में इनकी संख्या करीब 50,000 है। पानीपत से 8,000 से 10,000 करोड़ रुपये तक के पॉलिएस्टर धागे के उत्पादों का निर्यात होता है, जबकि देशभर से यह आंकड़ा करीब एक लाख करोड़ रुपये है। फिलहाल,



देश में अधिकतर पॉलिएस्टर धागे चीन से आते हैं। हालांकि, देश में कई बड़े उद्योगों में इसका उत्पादन हो रहा है। सिलवासा में हर साल 10,000 टन पॉलिएस्टर धागे बनते हैं। इसकी देशभर में आपूर्ति भी है।

**आयात में 70 फीसदी तक कर चोरी**

उद्यमियों का मानना है कि चीन से आयातित पॉलिएस्टर धागे की गुणवत्ता खराब होती है। इसमें 70 फीसदी कर चोरी होती है। बीआईएस के दायरे में आने के बाद चीन से आयातित धागे की गुणवत्ता अच्छी होगी।

जुलाई के पहले सप्ताह में होगा लागू, चीन से आयात होने वाले खराब धागे पर लगेगी रोक

01 लाख करोड़ रुपये के पॉलिएस्टर धागे का निर्यात होता है देश से

**पानीपत से 10,000 करोड़ तक**

धागे से बने उत्पाद भी आएं दायरे में ःबीआईएस की शर्त लागू होने से पॉलिएस्टर धागे से बने उत्पाद महंगे हो जाएंगे। चीन आयातित धागे से बने उत्पादों को भी बीआईएस के दायरे में लाना चाहिए।

-नवीन बंसल, वरिष्ठ सदस्य, पानीपत फ्लेनो मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन

# उच्च पेंशन चुनने पर ईपीएस फंड में होगी वृद्धि, पर घटेगा ईपीएफ

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने उच्च पेंशन पाने के लिए आवेदन की समय सीमा बढ़कर 26 जून, 2023 कर दी है। इससे पेंशनधारकों और मौजूदा अंशधारकों को आवेदन करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा।

अगर आप चाहते हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद आपको भी नियमित मासिक आय मिलती रहे तो उच्च पेंशन का विकल्प चुन सकते हैं। इसमें फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) या दूसरी छोटी बचत योजनाओं के मुकाबले बेहतर और गारंटी रिटर्न मिलता है। दरअसल, ईपीएफओ ने कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत पेंशन योजना में कुछ बदलावों की घोषणा की है। नए नियमों के अनुसार, उच्च पेंशन का विकल्प चुनने वाले सदस्यों के वेतन से अतिरिक्त 1.16व राशि नियोक्ता के अंशदान (12 फीसदी) से ली जाएगी। ऐसे में अगर आप उच्च पेंशन का विकल्प चुनते हैं तो आपका ईपीएस फंड बढ़ जाएगा, जबकि ईपीएफ में कमी आएगी। इसलिए, यह जानना जरूरी है कि उच्च पेंशन का विकल्प आपके लिए फायदेमंद है या नहीं।

**किसके लिए विकल्प**

अगर आप ईपीएफओ में योगदान करते हैं और 10 साल की नौकरी पूरी कर ली है। ऐसे कर्मचारी जिन्होंने 5,000 या 6,000 रुपये के उच्चतर मानक वेतन से अधिक अंशदान किया है।

**सेवानिवृत्ति नजदीक है तो चुन सकते हैं विकल्पः** सेवानिवृत्ति नजदीक है तो यह विकल्प चुन सकते हैं। पिछले पांच साल में आपका वेतन उच्चतम सीमा पर था तो आपकी पेंशन आय अधिक होगी। सेवानिवृत्ति के बाद अधिक एन्यूटी भी मिल सकती है।?

**-आदिल शेट्टी, सीईओ, बैंक बाजार**

**ये है वृद्धि व कटौती का गणित**

आपके प्रोविडेंट फंड (पीएफ) खाते में जमा राशि का एक हिस्सा कर्मचारी प्रोविडेंट फंड (ईपीएफ) में जाता है और दूसरा हिस्सा ईपीएस में। कर्मचारी हर महीने महंगाई भत्ते (डीए) के साथ अपने वेतन का 12 फीसदी ईपीएफ खाते में जमा करता है। इतना ही हिस्सा नियोक्ता भी जमा करता है, जिसमें से 8.33 फीसदी राशि ईपीएस में जाती है और बाकी 3.67 फीसदी हिस्सा ईपीएफ खाते में जमा होता है।

नए नियम के मुताबिक, नियोक्ता का योगदान ईपीएस में बढ़कर अब 9.49 फीसदी (8.33 फीसदी+1.16 फीसदी) हो जाएगा। वहीं, ईपीएफ में यह घटकर 2.51 फीसदी (3.67 फीसदी-1.16 फीसदी) रह जाएगा। अतिरिक्त 1.16 फीसदी वही हिस्सा है, जिसका योगदान अब नियोक्ता को करना है।

**जानिए, कितनी बनेगी पेंशन**

वैसे तो ईपीएफओ ने अभी उच्च पेंशन की गणना के लिए कोई नया कैलकुलेटर जारी नहीं किया है। अगर पुराने कैलकुलेटर के आधार पर देखें तो... अगर आपने 22 साल की उम्र में नौकरी शुरू की है और 58 वर्ष में सेवानिवृत्त हो रहे हैं तो आपने 36 साल तक नौकरी की है।

मान लीजिए, ईपीएस से बाहर निकलने से पहले पिछले 60 महीनों में आपकी बेसिक सैलरी 40,000 रुपये है। इसी औसत वेतन पर कर्मचारी की पेंशन योग्य आय की गणना होगी।

इसके लिए पेंशन योग्य वेतन को नौकरी करने की अवधि से गुणा कर उसमें 70 से भाग देना होगा। इस तरह आपकी मासिक पेंशन होगी... 40,000×36/70 = 20,571.42 रुपये।

## नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने चीन की यात्राएं बढ़ाईं

**काठमांडू।** नेपाल के कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने चीन की यात्राएं बढ़ा दी हैं। सीपीएन (यूएमएल) और सीपीएन (माओवादी सेंटर) के नेताओं को चीन ने यात्रा के लिए आमंत्रित किया है।



सीपीएन माओवादी केंद्र के नेता 19 मई से चीन के दौरे पर जा रहे हैं। माओवादी नेता और पूर्व स्पीकर अग्नि सपकोटा 20 लोगों की टीम के साथ चीन जा रहे हैं। यूएमएल नेताओं के चीन की यात्रा से लौटने के बाद माओवादी नेता जा रहे हैं। इससे पहले अप्रैल में यूएमएल प्रचार विभाग के उप प्रमुख विष्णु रिजाल सहित एक टीम चीन की यात्रा से लौटी थी। वे कम्युनिस्ट पार्टियों की वर्कशॉप में हिस्सा लेकर लौटे। 2022 में भी यूएमएल और माओवादी नेताओं की एक संयुक्त टीम चीन पहुंची। यूएमएल के उपाध्यक्ष विष्णु पौडेल और माओवादी महासचिव देव गुरुंग की टीम भी चीन का दौरा कर चुकी है।

## नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री रायमाझी को कोर्ट में पेश किया गया

**काठमांडू।** मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री टोप बहादुर रायमाझी को अदालत में पेश किया गया।



रायमाझी को काठमांडू से गिरफ्तार किया गया था।

सीपीएन (यूएमएल) सचिव रायमाझी पर फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले में ठगी का आरोप है। उनके बेटे संदीप रायमाझी को पुलिस ने दो हफ्ते पहले गिरफ्तार किया था। इस घटना में शामिल पूर्व गृह मंत्री बालकृष्ण खांड को बयान के लिए लोक अभियोजक कार्यालय ले जाया गया है। नेपाली नागरिकों को फर्जी भूटानी शरणार्थी बताकर अमेरिका भेजने वाले गिरोह के नेटवर्क को तोड़ते हुए पुलिस ने हाई प्रोफाइल लोगों को गिरफ्तार किया है। अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## तुर्किए में राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव के लिए मतदान संपन्न

**अंकारा।** तुर्किए में आए विनाशकारी भूकंप, आर्थिक संकट और लोकतांत्रिक व्यवस्था के विघटन के बीच संसदीय एवं राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान संपन्न हुआ। तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगान के लिए पिछले दो दशक के कार्यकाल में सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है। चुनाव परिणाम तय करेंगे कि एर्दोगान अगले पांच साल के लिए पद पर बने रहेंगे या नहीं। ऐसा पिछले 20 वर्षों में पहली बार होगा जब एर्दोगान जनमत सर्वेक्षणों में प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ रहे हैं।

जनमत सर्वेक्षणों में मध्यमार्गी-वामपंथी, धर्मनिरपेक्ष समर्थक रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी के नेता और संयुक्त विपक्षी गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार 74 वर्षीय कमाल किलिकदारोग्लू को बढ़त मिल सकती है। अगर किसी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिलते हैं तो पहले दौर के शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच 28 मई को निर्णायक मुकाबला होगा। इस चुनाव में विदेशों में बसे 34 लाख लोगों समेत 6.4 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान के योग्य हैं।

किलिकदारोग्लू के छह दलीय राष्ट्रीय गठबंधन ने कार्यकारी राष्ट्रपति प्रणाली को समाप्त करने और देश को एक संसदीय लोकतंत्र में वापस लाने का संकल्प लिया है। उन्होंने न्यायपालिका और केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता स्थापित करने, संतुलन कायम करने और एर्दोआन के शासन के तहत मुक्त भाषण और असहमति की आवाज पर लगे प्रतिबंधों को उलटने का भी वादा किया है।

## इमरान का आरोप, देशद्रोह में फंसा कर 10 साल जेल में रखना चाहती पाकिस्तानी सेना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना उन्हें देशद्रोह के आरोप में फंसाकर अगले दस साल तक जेल में रखना चाहती है। इमरान ने ट्वीट कर इसे लंदन योजना यानी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की योजना करार दिया।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान ने अपने लाहौर स्थित आवास पर पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर आगे की रणनीति बनाई। बैठक के बाद ट्वीट कर उन्होंने पाकिस्तानी सेना पर गंभीर आरोप लगाए। इमरान ने कहा कि यह सब उस लंदन योजना के तहत हो रहा है, जो पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने लंदन में बैठकर बनाई है। इमरान ने आरोप लगाया कि उनकी बेगम बुशरा को जेल भेजने की योजना है, जिससे उन्हें अपमानित किया जा सके। साथ ही अगले 10 वर्षों के लिए उन्हें जेल में रखने के लिए राजद्रोह



कानून का सहारा लिया जा रहा है। इमरान खान ने कहा कि सार्वजनिक प्रतिक्रिया से बचने के लिए सेना ने दो काम किये। पहला काम पीटीआई कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों में आतंक फैलाया और दूसरा काम मीडिया पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित कर लिया गया। उन्होंने सेना पर लोगों के घरों को तोड़ने और महिलाओं के साथ मारपीट करने के भी आरोप लगाए। आरोप लगाया कि लोगों में जानबूझकर डर पैदा करने की कोशिश की जा रही है, जिससे जब सेना के लोग उन्हें गिरफ्तार करने आएं, तो लोग बाहर नहीं निकलें। आशंका जताई कि सेना के लोग फिर से इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर देंगे और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा देंगे।

## थाईलैंड के आम चुनाव में सैन्य शासन विरोधी दो राजनीतिक दल बड़ी ताकत के रूप में उभरे

**बैंकाक।** थाईलैंड के आम चुनाव में सैन्य शासन विरोधी विपक्षी दल बड़ी ताकत के रूप में उभर रहे हैं। इससे यह उम्मीद जगी है कि एक दशक से सत्ता पर काबिज सेना समर्थित सरकार की विदाई हो सकती है।

थाईलैंड में हुए आम चुनाव के बाद 99 प्रतिशत से अधिक वोटों की गिनती हो चुकी है। अब तक की मतगणना में विपक्षी पार्टियों, मूव फॉरवर्ड पार्टी और फेयु थाई पार्टी को सर्वाधिक सीटें मिली हैं। चुनाव से पहले विपक्षी पार्टियों ने मतदाताओं से सैन्य शासन से मुक्ति दिलाने का वादा किया था। इस चुनाव में राजशाही अपमान कानून में सुधार और साफ-सफाई जैसे मुद्दे भी अहम रहे। संपूर्ण चुनाव परिणाम जारी होने में कुछ समय लग सकता है। मतगणना के शुरुआती रुझानों से लग रहा है कि मूव फॉरवर्ड पार्टी को 400 में से 113 और फेयु थाई पार्टी को करीब 112 सीटों पर जीत मिल सकती है। 100 सीटों को पार्टियों को मिले वोट प्रतिशत के आधार पर वितरित



किया जाएगा। फेयु थाई पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टियों में से एक है। इसके संस्थापक अरबपति उद्योगपति थाकसिन शिनेवात्रा हैं। थाकसिन शिनेवात्रा एक बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उनकी रिश्तेदार यिंगलुक शिनेवात्रा भी देश की बागडोर संभाल चुकी हैं। दोनों ही बार सेना ने दोनों को सत्ता से बेदखल किया है। अब थाकसिन की बेटी पैतोंगार्न शिनेवात्रा प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। मूव फॉरवर्ड पार्टी के नेता लिमजारोनरात भी प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में हैं। दोनों पार्टियों ने गठबंधन से इनकार नहीं किया है।

## बुरकिना फासो में चरपंथियों ने की 41 लोगों की हत्या

**औगाडोगू।** बुर्किना फासो के एक गांव में संदिग्ध इस्लामी चरमपंथियों के हमले में 41 लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय गवर्नर कार्यालय ने यह जानकारी दी। एक रिपोर्ट के अनुसार में मौहैन प्रांत के यूली गांव में हुए हमले में 41 लोग मारे गए।

प्रांतीय गवर्नर बाबो पियरे बासिंगा ने हमले को कायरतापूर्ण व बर्बर करार दिया। उन्होंने कहा कि हमला शाम करीब पांच बजे हुआ, जब लोग मौहैन नदी के किनारे अपने खेतों में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चरमपंथियों का मुकाबला करने के लिए सुरक्षा कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए उन्होंने लोगों से सतर्कता बरतने और सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, ये



हमलावर मोटरसाइकिल पर आए थे और उनके पास खतरनाक हथियार भी थे। हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी। बुर्किना फासो में इससे पहले 28 अप्रैल को भी एक सैन्य टुकड़ी पर हमला हुआ था। इसमें 33 सैनिकों ने जान गवां दी थी, जबकि 12 घायल हुए थे। बता दें, बुर्किना फासो उन पश्चिम अफ्रीकी देशों में से एक है जहां हिंसक इस्लामी विद्रोह चल रहा है। पिछले आठ सालों में आतंकवाद की घटनाएं बढ़ी हैं और हजारों लोग मारे गए हैं। हिंसा की इस स्थिति में करीब दो मिलियन से अधिक नागरिक विस्थापित हुए हैं।दरअसल, देश में पिछले साल सेना ने दो बार तख्तापलट किया था।

अब सेना की तरफ से धमकी दी जा रही है कि देश का नियंत्रण अपने पास ले लिया जाएगा। 2012 से इस क्षेत्र में लगभग हिंसा की घटनाएं देखी जा रही हैं। हिंसा बाद में पड़ोसी बुर्किना फासो और नाइजर में फैल गई और पूरे इलाके को अस्थिर कर दिया।

## फिर से भारत विरोधी कार्ड खेलने की तैयारी में नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली

**काठमांडू।** ऐसा लगता है कि कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भारत विरोधी कार्ड फिर से खेलने का फैसला किया है। ओली ने अपनी पार्टी की सेंट्रल कमेटी के लिए एक दस्तावेज तैयार किया है। उसमें उन्होंने कहा है- 'नेपाल की आंतरिक राजनीति में विदेशी ताकतों के हस्तक्षेप संबंधी चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। गठबंधन बनाने, देश के संवैधानिक संस्थाओं के लिए चुनाव और यहां तक कि कानून का प्रारूप तैयार करने के दौरान भी गैर-जरूरी और अनुचित विदेशी हस्तक्षेप महसूस किया जा रहा है।'

विश्लेषकों ने ध्यान दिलाया है कि ओली ने 2017 के आम चुनाव में भारत विरोधी कार्ड खेला था। 2015 में नेपाल का नया संविधान लागू होने के बाद देश में यह पहला आम चुनाव था। तब ओली की पार्टी प्रतिनिधि सभा (नेपाली संसद के निचले सदन) में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी थी। पिछले साल हुए आम चुनाव में उनकी पार्टी दूसरे नंबर पर रही और फिलहाल विपक्ष में है। अब तैयार दस्तावेज में ओली ने आरोप लगाया है कि वर्तमान सत्ताधारी गठबंधन संतुलित विदेश नीति से भटक गया है। उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन पर देश को एक विदेशी शक्ति के गोद में बैठा दिया है। हालांकि उन्होंने विदेशी शक्ति का नाम नहीं लिया है, लेकिन विश्लेषकों में आम राय है कि उनका इशारा भारत की तरफ है। एक दूसरे संदर्भ में उन्होंने भारत का नाम जरूर लिया है। उन्होंने कहा है- 'भारत के साथ सीमा विवाद हल करने की वर्तमान सरकार ने कोई कोशिश नहीं की है, जबकि बहुत सी उन परियोजनाओं पर काम ठहरा हुआ है, जिनके लिए नेपाल और चीन के बीच करार हुआ था।'

## जर्मनी में बोले जेलेंस्की, जवाबी हमले में रूसी क्षेत्र पर हमला नहीं करेगा यूक्रेन

**बर्लिन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनका देश रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों को आजाद करवाने के लिए जवाबी हमले की तैयारी कर रहा है, लेकिन इसका लक्ष्य रूसी क्षेत्रों को निशाना बनाना नहीं है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की बर्लिन में जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अपनी सीमाओं के भीतर के क्षेत्रों को मुक्त कराना है। वहीं, शोल्ज ने जेलेंस्की से कहा कि जर्मनी जब तक आवश्यक हो यूक्रेन का समर्थन करेगा।

इससे पहले दिन में जर्मनी के चांसलर ने जेलेंस्की का बर्लिन पहुंचने पर स्वागत किया। जेलेंस्की यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पहली बार जर्मनी



की यात्रा पर आए हैं। इस यात्रा के दौरान जेलेंस्की रूसी आक्रमण से अपने देश की रक्षा में मदद करने और हथियार भेजने तथा एक साल से अधिक वक्त से चल रहे विनाशकारी युद्ध से तबाह हुए ढांचों को फिर से बनाने को लेकर जर्मनी के नेताओं से बातचीत करेंगे।

जेलेंस्की लुफ्तवाफे विमान से इटली की राजधानी रोम से जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंचे। रोम में जेलेंस्की ने पोप फ्रांसिस और इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की थी।

जेलेंस्की के बर्लिन पहुंचने की पूर्व संध्या पर जर्मनी की सरकार ने यूक्रेन के लिए तीन अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता देने की घोषणा की, जिसमें टैंक, विमान-रोधी प्रणालियां और गोला-बारूद शामिल हैं।जेलेंस्की ने अपनी यात्रा की प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए ट्वीट किया, बर्लिन में हूं। हथियार, शक्तिशाली पैकेज, हवाई रक्षा, पुनर्निर्माण, यूरोपीय संघ, नाटो और सुरक्षा इनमें प्रमुख हैं।

जर्मनी ने शुरुआत में यूक्रेन को घातक हथियार उपलब्ध कराने में आनाकानी की थी, लेकिन अब वह यूक्रेन को हथियारों की सबसे ज्यादा आपूर्ति करने वाले देशों में से एक है। चांसलर ओलाफ शोल्ज और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात के बाद जेलेंस्की के जर्मनी के पश्चिमी शहर आचेन जाने की संभावना है, जहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय शारलेमेन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## रूस-यूक्रेन के बीच शांति कराने की जिम्मेदारी इस अधिकारी पर

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते के लिए चीन ने कोशिशें तेज कर दी हैं। चीन ने इसकी जिम्मेदारी एक शीर्ष अधिकारी को दी है। ये अधिकारी हैं ली हुई। ली हुई यूक्रेन में शांति के लिए यूरोप का दौरा करेंगे। ली हुई के दौरे की शुरुआत यूक्रेन और रूस के दौरे से होगी।

**यूरोप के इन देशों का दौरा करेंगे चीनी अधिकारी**

चीन के विदेश मंत्रालय ने बीते हफ्ते ली हुई को देश का विशेष प्रतिनिधि घोषित किया है। ली हुई यूरेशियन मामलों के जानकार हैं और रूस में चीन के राजदूत भी रह चुके हैं। यही वजह है कि रूस यूक्रेन के बीच शांति की जिम्मेदारी चीन ने ली



हुई को सौंपी है। ली हुई अपने दौरे के तहत पोलैंड, फ्रांस, जर्मनी का दौरा करेंगे और विभिन्न पक्षों को यूक्रेन संकट का समाधान खोजने की कोशिश करेंगे।

**चीन ने की थी रूस-यूक्रेन के बीच शांति की कोशिश**

बता दें कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीते महीने ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में भी रूस यूक्रेन के बीच शांति को लेकर चर्चा हुई थी। रूस यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए एक साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। बीते दिनों चीन ने दोनों देशों के बीच शांति कराने की पहल की थी। जिस पर अब चीन ने अमल शुरू कर दिया है। हालांकि चीन ने अभी तक यूक्रेन में रूस के अतिक्रमण की आलोचना नहीं की है।

## ऑस्ट्रेलिया में हो रही चीनी छात्रों की वर्चुअल किडनैपिंग, 17-23 साल के बच्चों को बनाया जा रहा निशाना

**मास्को।** ऑस्ट्रेलिया में रह रहे चीनी छात्रों के दोस्तों और रिश्तेदारों से पैसे ऐंठने के लिए वर्चुअल अपहरण किए जा रहे हैं। पिछले एक महीने में इस तरह के चार मामले सामने आए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार ठगों ने खुद को चीनी अधिकारी बताकर इन छात्रों को डराया, उन्हें जबरन अपने ही अपहरण का नाटक करने पर मजबूर किया और फिर फिरौती में लाखों ऑस्ट्रेलियाई डॉलर ले उड़े। इन छात्रों की उम्र 17 से 23 के बीच बताई जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, अपराधी अभी तक छात्रों से सात लाख डॉलर यानी 6 करोड़ से अधिक रुपये वसूल चुके हैं। बताया जा रहा है कि छात्रों को तब तक धमकी दी जाती है, जबतक वे डेढ़ लाख से लेकर ढाई लाख डॉलर तक इन अपराधियों को न दे दें।

**चीनी दूतावास होने का देते हैं हवाला**



बता दें, अपराधी अक्सर फोन कर चीनी दूतावास या पुलिस से होने का दावा करते हैं। वे मैंडरिन में बात करते हैं और अपने शिकार को शुरू में बताते हैं कि उस पर चीन में किसी जुर्म का आरोप है या उन्हें यह बताते कि उनकी पहचान चोरी कर ली गई है। उसके बाद धमकी देते कि अगर उन्होंने कुछ पैसे नहीं दिए तो उन्हें वापस चीन भेज दिया जाएगा। बदमाश इसके बाद भी अपने शिकार को तब तक धमकाते रहते जब तक वह ऑफशोर बैंक खातों में एक मोटी रकम नहीं डाल देते।

**आंखों पर पट्टी बांधकर बनवाते हैं वीडियो**

कुछ मामलों में शिकार हुए छात्रों को कहा जाता कि वह अपने दोस्तों और रिश्तेदारों से कोई संपर्क ना रखें फिर उन्हें कहा जाता कि वह खुद को बंधक दिखाते हुए अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर अपना वीडियो बनाएं। इसके बाद इस तरह के वीडियो का इस्तेमाल फिरौती की रकम मांगने में करते।

**ऐसे करते हैं फिरौती**

हाल ही में, एक व्यक्ति ने एक 17 वर्षीय लड़के को फोन करके अपने आपको डाक सेवा कर्मचारी बताते हुए कहा कि उसके नाम से एक पैकेज मिला है, जिसमें वर्जित सामान था। इसे जांच के लिए चीन की पुलिस को भेजा गया था। उसे अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए 20,000 डॉलर का भुगतान करना होगा। बदमाश ने बच्चे से कहा था कि अगर अपने परिवार से रुपये लेने हैं, तो वह अपना अपहरण कर ले।

**पीड़ितों को सलाह- ऐसे फोन न उठाएं**

डिटेक्टिव सुपरिटेंडेंट जो दुएही ने कहा कि यह शर्मनाक है कि अपराधी अध्ययन करने के लिए ऑस्ट्रेलिया आए छात्रों को निशाना बना रहे हैं। जासूस ने पीड़ितों से आगे आने का भी आग्रह किया। उन्होंने सलाह दी कि जिस किसी को भी इस तरह का फोन आए वह फोन काट दें और अधिकारियों को घोटाले की सूचना दें।

## घटती जन्म दर से परेशान चीन एक अनोखा प्रोजेक्ट करेगा लॉन्च, पुराने रिवाजों पर लगाएगा अंकुश

**बीजिंग।** चीन घटती आबादी को बढ़ाने के लिए युवाओं को रिझाने में लगा है। इसके लिए वह 20 से अधिक शहरों में 'नए युग' की शादी और बच्चे पैदा करने की संस्कृति को बनाने के लिए लिए एक पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च करने जा रहा है। ताकि अधिकारियों द्वारा बच्चे पैदा करने वाले एक अनुकूल माहौल को बढ़ावा दिया जा सके।

एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन का परिवार नियोजन संघ, जो सरकार की जनसंख्या और प्रजनन उपायों को लागू करता है, महिलाओं को शादी करने और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए परियोजनाएं शुरू करेगा।

इस परियोजना के अंतर्गत शादी करने के लिए युवाओं को मनाया जाएगा। साथ ही सही उम्र में बच्चे पैदा करना और उसके पालन-पोषण की जिम्मेदारियों को साझा करने के लिए माता-पिता को प्रोत्साहित करना होगा। वहीं, शादी के दौरान दहेज देना और अन्य पुराने रीति-रिवाजों पर अंकुश लगाया जाएगा।

**गलत अवधारणा को मिटाने की जरूरत**

पायलट प्रोजेक्ट में शामिल शहरों में चीन के हेबेई प्रांत में मैन्युफैक्चरिंग हब ग्वांगझू और हान्डान शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि एसोसिएशन ने पिछले साल बीजिंग सहित 20 शहरों में परियोजनाएं शुरू की थीं।

एक स्वतंत्र जनसांख्यिकीविद् हे याफू का कहना है कि समाज को शादी और बच्चे को जन्म देने को लेकर युवाओं का मार्गदर्शन करने की जरूरत है। युवाओं में अक्सर शादी और बच्चे को लेकर गलत अवधारणा बनी होती है उसे मिटाने की जरूरत है।

**पहले भी शुरू हो चुकी हैं परियोजनाएं**

आपको बता दें, यह पहली बार नहीं है, जब चीन ने आबादी बढ़ाने के लिए कोई फैसला लिया है। वह पहले भी कई परियोजनाएं शुरू कर चुका है। जैसे- टैक्स इनसेंटिव, आवास सब्सिडी, और तीसरा बच्चा पैदा करने के लिए मुफ्त या सब्सिडी वाली शिक्षा।

**चीन में कभी लागू थी 'एक बच्चा' नीति**

चीन ने 1980 से 2015 तक 'एक-बच्चा' की सख्त नीति लागू की थी जो कि इसकी कई जनसांख्यिकीय चुनौतियों की जड़ है। इसी नीति ने भारत को दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने का मौका दिया है। अब यह सीमा तीन बच्चों तक बढ़ा दी गई है।

## शाकिब अल हसन अंगुली में लगी चोट के कारण छह सप्ताह के लिए हुए क्रिकेट से दूर

**ढाका।** बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब अल हसन अंगुली में लगी चोट के कारण करीब छह हफ्ते के लिए क्रिकेट से दूर हो गए हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने उक्त जानकारी दी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा कि इंग्लैंड के चेम्सफोर्ड में आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार को दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान शाकिब को कैच लेने के प्रयास में दाहिनी तर्जनी की नोक पर चोट लग गई। राष्ट्रीय टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने कहा, शनिवार को एक्स-रे के जरिए अंगुली में फैक्चर की पुष्टि हुई। इस तरह की चोटों को ठीक होने में आमतौर पर छह सप्ताह लगते हैं।



## ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज की मेजबानी करेगा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेट टीम इन गर्मियों में पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज की मेजबानी करेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम 14 दिसंबर से 7 जनवरी तक पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी। इसके बाद टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 17 से 29 जनवरी तक दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी। पाकिस्तान श्रृंखला पर्थ में शुरू होती है, उसके बाद मेलबर्न और सिडनी में बॉक्सिंग डे और न्यू ईयर टेस्ट खेली जाएगी।

वेस्टइंडीज श्रृंखला का पहला टेस्ट एडिलेड में होगा, इससे पहले टीमें डे-नाइट टेस्ट के लिए ब्रिस्बेन जाएंगी। संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्ट इंडीज में अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया फरवरी में वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीन एक दिवसीय और तीन ट्वेंटी-20 मैच खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैच भी खेलेगी, इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक बहु-प्रारूप श्रृंखला होगी।

## गुजरात टाइटंस को नंबर 3 पर एक सेट बल्लेबाज की जरूरत :इरफान पठान

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में लीग चरण का आखिरी हफ्ता शुरू हो गया है और प्लेऑफ के लिए कोई भी टीम क्वालीफाई नहीं कर पाई है। आज शाम गुजरात टाइटंस की टीम सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगी जो लीग चरण में उसका आखिरी घरेलू मैच होगा। हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली टीम यदि हैदराबाद को हरा देती है, तो वे प्लेऑफ़ के लिए क्वालीफाई कर जाएंगे।

भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा कि गुजरात की इस सीजन में शीर्ष चार में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन सकती है।

स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में कैफ ने कहा, हैदराबाद के खिलाफ जीत के साथ गुजरात टाइटन्स प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम हो सकती है। कप्तान हार्दिक पांड्या पिछले गेम में अपने और अपनी टीम के प्रदर्शन से नाखुश दिखे और वे इस पर ध्यान देंगे। घर से बाहर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और वे इस बार घर में जीत का रिकॉर्ड सुधारना चाहेंगे।भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा कि इस आईपीएल में गुजरात की बल्लेबाजी लाइन-अप में तीसरे नंबर पर एक सेट बल्लेबाज की जरूरत है। इरफान ने कहा, गुजरात टाइटंस को नंबर 3 पर बल्लेबाजी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हार्दिक इस साल बल्ले से उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए हैं। लेकिन अगर वह तीन नंबर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। टीम प्रबंधन के लिए तीसरे नंबर पर किस बल्लेबाज को भेजा जाए, इसकी समस्या आ रही है।

# सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप जीतने पर हरियाणा के कोच ने कहा-हमारी मेहनत रंग लाई

**नई दिल्ली।** हॉकी हरियाणा ने ओडिशा के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में हॉकी झारखंड को 3-2 से हराकर 13 वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 का खिताब जीत लिया है।

इस जीत के साथ ही, हॉकी हरियाणा की टीम ने न केवल अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया बल्कि टूर्नामेंट में अपराजित भी रही।

हॉकी हरियाणा के कोच आजाद सिंह मलिक ने अपने सफल अभियान पर कहा, हम खिताब का बचाव करने के लिए उत्साहित हैं। हॉकी झारखंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ शिखर मुकाबले में दो बार पिछड़ने के बावजूद, हमने अपना आत्मविश्वास नहीं खोया, अपनी योजना पर कायम रहे और वापसी करने और गेम जीतने के लिए अपने कौशल का समर्थन किया।




इसके अलावा, हम टूर्नामेंट में अजेय रहे जो निश्चित रूप से इस टीम की दृढ़ता का एक वसीयतनामा है।

उन्होंने कहा, टूर्नामेंट से पहले, हमारे पास एक प्रशिक्षण शिविर था जहां हमने अपने रक्षा, आक्रमण, सेट-पीस और अपने खेल के अन्य पहलुओं पर काम किया, इसलिए हमारी सारी मेहनत और तैयारियां रंग लाईं और हमें ट्रॉफी जीतने में मदद मिली। .

इस बीच, ओड़िशा हॉकी संघ टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा। ओडिशा ने तीसरे-चौथे स्थान के लिए हुए मैच में उत्तर प्रदेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया।

## आईपीएलः केकेआर के कप्तान नीतिश राणा पर 24 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नीतिश राणा पर धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, इसलिए राणा पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के प्रत्येक सदस्यों पर 6 लाख रुपये या मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।



# चोट के कारण हिमा दास फेड कप एथलेटिक्स चैंपियनशिप से बाहर, तूर, अन्नू पर होगी नजर

**रांची।** एशियाई खेलों के चैंपियन शॉट पुटर तेजिंदरपाल सिंह तूर और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी आज से यहां शुरू हो रही फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शिरकत करेंगे। बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित इस चैम्पियनशिप में 5000 से अधिक एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।

बर्मिंघम राष्ट्र मंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ट्रिपल जम्पर एल्डहोज पॉल, रजत पदक विजेता अविनाश सेबल (300 मीटर स्टीपलचेज) और मुरली श्रीशंकर (लंबी कूद) सहित कई शीर्ष एथलीट चार दिवसीय मीट में शामिल नहीं होंगे।पिछले महीने हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण स्टार स्प्रिंटर हिमा दास भी चैंपियनशिप से बाहर हो गई हैं।

सीजन का यह पहला बड़ा घरेलू ट्रैक और फील्ड इवेंट बैंकॉक में 12 से 16 जुलाई तक होने वाले एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है। यह सितंबर-अक्टूबर में होने वाले बुडापेस्ट विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप और हांग्जो एशियाई खेलों के लिए योग्यता मानकों को हासिल करने के इच्छुक एथलीटों के लिए भी एक अच्छा मंच होगा। इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले रहे कुछ अन्य शीर्ष एथलीटों में पुरुषों की लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक जेसविन एल्ड्रिन, राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक लंबी कूद की प्रतिभाशाली खिलाड़ी शैली सिंह और ट्रिपल जम्पर प्रवीण चित्रवेल शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर बनाया है।इनमें से अधिकांश एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए विदेशों में प्रशिक्षण व प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 30 वर्षीय अनु फरवरी से ऑफेनबर्ग, जर्मनी में प्रशिक्षण ले रही हैं और वह अपना 2023 सत्र शुरू करेंगी। इस प्रतियोगिता के पहले दिन यानि आज सोमवार को प्रतियोगी पांच स्पर्धाओं में पदक के लिए भिड़ेंगे, जिसमें सुबह के सत्र के लिए निर्धारित पुरुषों और महिलाओं दोनों वर्ग में 10,000 मीटर की कठिन ट्रैक दौड़ शामिल है। शाम के सत्र में महिलाओं के हैमर थ्रो और 3000 मीटर पुरुषों और महिलाओं की स्टीपलचेज स्पर्धाओं का फाइनल होगा।



पहले दिन पुरुषों की 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ के फाइनलिस्ट भी तय होंगे। 2016 में 10.26 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले ओडिशा के अमिय कुमार मल्लिक 100 मीटर डैश में एक्शन करते नजर आएंगे। सुबह के सत्र के लिए निर्धारित पुरुषों की 400 मीटर हीट में देश के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी, जिनमें आमोज जैकब और मोहम्मद अनस शामिल हैं, फाइनल में जगह बनाने के लिए संघर्ष करेंगे। पुरुषों की 400 मीटर प्रतियोगिता में 48 प्रविष्टियां हैं। महिला 400 मीटर में महाराष्ट्र की ऐश्वर्या मिश्रा, केरल की जिस्ना मैथ्यू और हरियाणा की किरण पहल मुख्य आकर्षण होंगी।

# आईपीएलः नीतीश-रिंकू के दम पर जीती कोलकाता, चेन्नई को 6 विकेट से हराया

**चेन्नई।** चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2023 के 61वें मुकाबले में कोलकाता नाइटराइडर्स ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 6 विकेट से हराया दिया है। इस जीत के साथ ही कोलकाता ने चेन्नई के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के इंतजार को और बढ़ा दिया है। अब क्वालीफाई करने के लिए चेन्नई को अपने आखिरी मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराना ही होगा।

145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत फिर अच्छी नहीं रही। पहले चार ओवर में ही टीम ने तीन विकेट गवां दिए। रहमनुल्लाह गुरबाज 1 रन, वेंकटेश अय्यर 9 रन और जेसन रॉय के 12 रन बनाकर सस्ते में पवेलियन लौट गए। हालांकि इसके बाद कप्तान नीतीश राणा ने रिंकू सिंह के साथ मिलकर पारी को संभाला और टीम को जीत की दहलीज तक ले गए। दोनों के बीच 99 रन की साझेदारी हुई। इस पार्टनरशिप को मोईन अली ने रिंकू सिंह को एक डायरेक्ट हिट से रन आउट कर तोड़ा। रिंकू ने 54 रन की शानदार पारी खेली। आखिर में नीतीश ने नाबाद 57 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से गेंदबाजी में दीपक चाहर ने 3 विकेट हासिल किए।



इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाए। चेन्नई की ओर से सबसे ज्यादा 48 रन शिवम दुबे ने बनाए और वो नाबाद रहे। वहीं डिवोन कॉन्वे ने भी 30 रन का योगदान किया। इनके अलावा रविंद्र जडेजा 20 रन, गायकवाड़ 17 रन और अजिंक्य रहाणे ने 16 रन बनाए। कोलकाता की ओर से सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट झटके जबकि वैभव अरोड़ा और शार्दुल ठाकुर को 1-1 विकेट मिला।

## चेन्नई के सीईओ का बयान- एमएस धोनी अगले सीजन में भी खेलेंगे

**चेन्नई।** चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आईपीएल 2023 के 61वें मैच के बाद जो नजारा देखने को मिला, उससे साफ है कि यह चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का आखिरी सीजन है। ऐसा माना जा रहा है कि धोनी ने अपने घरेलू मैदान पर अपना आखिरी मैच खेल लिया है जिसे यादगार बनाने के लिए कप्तान का टीम मैनेजमेंट द्वारा विशेष सम्मान भी किया गया। धोनी ने टेनिस बॉल भी दर्शकों को दीं। हालांकि, जहां तक सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन की बात है तो माना जा रहा है कि धोनी इस सीजन से आगे भी खेलेंगे।



सीएसके के सीईओ कासी कासी विश्वनाथन ने फ्रेंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 'हमें विश्वास है कि एमएस धोनी अगले सीजन में भी खेलेंगे, इसलिए मुझे उम्मीद है कि प्रशंसक हर बार की तरह हमारा समर्थन करते रहेंगे।'धोनी स्टंप के पीछे हमेशा की तरह प्रभावशाली रहे हैं और एक कप्तान के रूप में, एक बल्लेबाज के रूप में उनकी भूमिका में एक बड़ा परिवर्तन आया है। 41 वर्षीय धोनी ने इस सीजन में नंबर 8 पर बल्लेबाजी की है, केवल कुछ ही गेंदें खेली हैं, उनमें से अधिकांश को 6 रन के लिए बाहर भेजा। लेकिन, वह कुछ मामूली चोटों से भी जूझ रहे हैं, जिससे अगले सत्र में उनकी फिटनेस को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। इसलिए काशी के शब्द काफी आशाजनक हैं। चेन्नई के इस आईपीएल सीजन के खेल की बात करें तो धोनी की टीम इस सीजन में शानदार प्रदर्शन कर रही है। चेन्नई सुपर किंग्स प्वाइंट्स टेबल पर दूसरे स्थान पर काबिज है। चेन्नई अबतक 13 खेल चुकी है जिसमें 7 मैचों में उसे जीत और 5 में हार मिली है।

# आईपीएलः रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने राजस्थान रॉयल को 112 रन के बड़े अंतर से हराया

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में रविवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए 60वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने राजस्थान रॉयल (आरआर) को 112 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। मुकाबले में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में राजस्थान की टीम 10.3 ओवर में 59 रनों पर ढेर हो गई और 112 रनों से मैच हार गई।

इस मुकाबले में जीत के साथ ही बैंगलोर की टीम अंक तालिका में 5वें नंबर पर पहुंच गई है। वह बैंगलोर की 12 मैचों में छठी जीत है। टीम के अब 12 मैचों में 6 जीत और 6 हार के बाद 12 अंक हो गए हैं। इसी के साथ आरसीबी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। वहीं राजस्थान की टीम के 13 मैच में 6 में जीत और 7 में हार के साथ 12 अंक हैं और अंक तालिका में 6वें नंबर पर है।



मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम को कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने 44 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 55 रन के साथ अच्छी शुरुआत दिलाई। डुप्लेसिस के अलावा ग्लेन मैक्सवेल ने 33 गेंदों में 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 54 रन और अंत के ओवरों में अनुज रावत ने 11 गेंदों में 3 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 29 रन बनाए। वहीं विराट कोहली ने 18 रनों का योगदान दिया। इस तरह टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 171 रन बनाए।

इसके बाद 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम का कोई भी बल्लेबाज अपने बल्ले से कमाल नहीं कर पाया। पूरी टीम मात्र 10.3 ओवर में 59 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए शिमरोन हेटमायर ने 19 गेंदों में एक चौका और 4 छक्कों की मदद से 35 रन बनाए। हेटमायर के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज पिच पर ज्यादा देर नहीं टिक पाया। बैंगलोर की तरफ से वेन पार्नेल 3 विकेट, कर्ण शर्मा 2 विकेट, माइकल ब्रेसवेल 2 विकेट, मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने एक-एक विकेट लिया।

# फैन की तरह धोनी के पीछे-पीछे भागे गावस्कर, शर्ट पर लिया ऑटोग्राफ, माही ने गले लगाकर जीता दिल

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक सुनील गावस्कर ने रविवार को देश के सबसे सफल क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का ऑटोग्राफ लिया। टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों के सामने 10 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले गावस्कर ने कोलकाता नाइटराइडर्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच यहां खेले गये मैच के बाद धोनी ने अपने सीने के पास शर्ट पर ऑटोग्राफ लिया। चेन्नई सुपरकिंग्स का मौजूदा सत्र में यह चेपॉक मैदान पर यह आखिरी मैच था। मैच के बाद 41 साल के धोनी टेनिस रैकेट और ऑटोग्राफ वाली टेनिस गेंदों के साथ मैदान में आये और वहां मौजूद दर्शकों को रैकेट की मदद से गेंद देने लगे। इसबीच गावस्कर उनके पास पहुंचे और फिर धोनी ने उनके सीने के पास शर्ट पर अपना हस्ताक्षर किया। इसके बाद धोनी ने गावस्कर को प्यार से गले से लगा लिया।




**धोनी जैसा कप्तान कभी नहीं हुआ : गावस्कर**

मौजूदा सत्र में धोनी ने कप्तान के तौर पर जब चेन्नई के लिए 200वां मैच खेला था तब गावस्कर ने उन्हें आईपीएल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ कप्तान करार दिया था।

गावस्कर ने इस साल 17 अप्रैल को कहा था, ''चेन्नई सुपर किंग्स की टीम कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलना जानती है और ऐसा धोनी की कप्तानी में ही संभव हो पाया है। किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए 200 मैचों में कप्तानी करना काफी मुश्किल होता है, कप्तानी एक बोझ की तरह है जो खिलाड़ी के प्रदर्शन को प्रभावित करता है लेकिन माही अलग हैं, वह एक अलग कप्तान हैं। उनके जैसा कप्तान कभी नहीं हुआ और ना ही भविष्य में कोई उनके जैसा होगा।'

धोनी टी20 और एकदिवसीय विश्व कप के अलावा चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने वाले दुनिया के इकलौते कप्तान हैं। आईपीएल में भी उन्होंने चार खिताब जीते हैं और उनकी टीम मुंबई इंडियंस (पांच खिताब) के बाद इस लीग की दूसरी सबसे सफल टीम है।

> टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों के सामने 10 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले गावस्कर ने कोलकाता नाइटराइडर्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच यहां खेले गये मैच के बाद धोनी ने अपने सीने के पास शर्ट पर ऑटोग्राफ लिया।

# चक्रवर्ती को नीलामी में नहीं खरीद पाने का अब तक है मलाल, हमने उसे खो दिया : फ्लेमिंग

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि आईपीएल नीलामी में पूर्व नेट गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती को नहीं खरीद पाने का मलाल उन्हें आज तक है। चक्रवर्ती कुछ साल तक चेन्नई के नेट गेंदबाज रहे और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी समेत चेन्नई के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। चेपॉक पर आईपीएल का अपना पहला मैच खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के आफ स्पिनर ने 2 विकेट चटकाते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा,'वरुण को खोने का मलाल हमें आज तक है। उसने कई साल हमें नेट पर परेशान किया। हम नीलामी में उसे खरीद नहीं सके।'

चक्रवर्ती को पंजाब किंग्स ने 2019 में आठ करोड़ 40 लाख रूपये में खरीदा और 2020 में केकेआर ने उसे चार करोड़ में खरीदने के बाद टीम में ही रखा है। रविवार को मिली हार के बारे में फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम हालात को बखूबी भांप नहीं सकी। उन्होंने कहा, ''हम हालात को पढ़ने में नाकाम रहे। बल्लेबाजों के लिए यह कठिन मैच था।

विकेट में शुरूआत मे काफी उछाल थी जो धीरे धीरे खत्म हो गई । हम इन नए हालात में खेलना अभी भी सीख रहे हैं। चेन्नई की टीम दो साल बाद अपने घरेलू मैदान पर लौटी है। इस बीच केकेआर के सहायक कोच अभिषेक नायर ने रिंकू सिंह को किसी भी टीम के लिए आदर्श फैकेज बताया। उन्होंने कहा, ''रिंकू स्पिन को बखूबी खेलता है। उसका प्रथम श्रेणी सत्र देखें तो रिंकू उन तीन चार खिलाड़ियों में से है जो पिछले दो तीन सत्र में कामयाब रहे हैं । उसे पता है कि इन हालात में कैसे खेलना है। घरेलू क्रिकेट में काफी चुनौतीपूर्ण पिचें मिलती है और मुझे खुशी है कि वह इतना कामयाब रहा है।

